

नामांकन दाखिल करते समय सतर्क रहें तृणमूल प्रत्याशी अफसर कर सकते हैं खारिज: ममता - 10




मार्च में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ जीएसटी संग्रह - 10



क्रीमिया में रूसी सेना का विमान क्रैश, 29 की मौत - 11



केकेआर के स्पिनरों को सनराइजर्स के खिलाफ दिखाना होगा दम- 12


आज का मौसम
37.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.59
सूर्यास्त 06.26

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 07:41 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 2 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 221, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये





।। भगवान भोलेनाथ की जय ।। ।। श्री काशी विश्वनाथ धाम की जय ।। ।। माता महाकाली जी की जय ।। ।। माता कामाख्या जी की जय ।।

रोग मुक्त मानव   शोक मुक्त मानव   भय मुक्त मानव   भ्रम मुक्त मानव   नशा मुक्त मानव





जगद् गुरु श्रीचन्द्र भगवान की जय



मिश्री मठ
हरिद्वार
के
तृतीय मठाधिपति

श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर

पूर्ण गुरु श्री करौली शंकर महादेव जी को

श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन (निर्वाण) में

अखाड़ा के ( श्री पंच परमेश्वर ) श्री मुखिया महंत श्री भगतराम जी महाराज, अध्यक्ष श्री धूनीदास जी महाराज, सचिव श्री जगतार मुनि जी महाराज , श्री आकाश मुनि जी महाराज , श्री मंगल दास जी महाराज तथा समस्त अखाड़ों के सम्मानित श्री महंत, अध्यक्ष, सचिव तथा अनेकों प्रमुख संत महात्माओं व जनसेवकों की गरिमामयी उपस्थिति एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महंत श्री रवीन्द्र पुरी जी महाराज ( श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी, कनखल – हरिद्वार ) की अध्यक्षता में

महामंडलेश्वर पद पर पट्टाभिषेक

समारोह सम्पन्न होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं






आप श्री के उक्त पावन समारोह में सम्मिलित होने के लिये हार्दिक धन्यवाद

श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन (निर्वाण)

न्यूज ब्रीफ

### कार से तोड़े टोल के बैरियर, हंगामा

**इटावा।** चौबिया क्षेत्र में बरेली हाईवे स्थित बख्तियारपुर टोल प्लाजा पर मंगलवार की रात कार सवारों ने हंगामा किया। टोल कर्मियों से विवाद के बाद गाड़ी को तेज रफ्तार में दौड़ाया और एक के बाद एक सभी बैरियर तोड़ डाले। टोल प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मंगलवार रात करीब 10 बजे एक कार में सवार दो लोग टोल प्लाजा पर पहुंचे। शुरुआत में उन्होंने टोल कर्मियों से सामान्य बातचीत की, कुछ ही देर बाद उनका व्यवहार अचानक बदल गया और उन्होंने गाड़ी को तेज रफ्तार में दौड़ाना शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार सवारों ने टोल प्लाजा के कई चक्कर लगाए और हर बार बैरियर को टक्कर मारकर तोड़ते गए। टोल कर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन कार की तेज गति और आक्रामक अंदाज के चलते वे सफल नहीं हो सके। इस दौरान मौके पर मौजूद कर्मचारी काफी डर गए और किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रही। टोल कर्मियों का कहना है कि कार सवार शराब के नशे में थे और किसी बात को लेकर गुस्से में दिखाई दे रहे थे। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई है। आरोपियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करेंगे।

### किशोरी का शव फंदे पर लटका मिला

**जसवंतनगर।** थाना बलरई क्षेत्र के ग्राम बाउथ में बुधवार दोपहर किशोरी का घर के कमरे में फंदे पर शव लटका मिला। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार दोपहर दो बजे ग्राम बाउथ निवासी राहुल कुमार की पुत्री आराध्या उर्फ संजू (17) का शव घर के कमरे में सीलिंग फैन के कुंडे से लटका मिला। घटना के समय घर में केवल उसकी वृद्धा नानी राजेंद्री देवी मौजूद थीं। नानी जब कमरे में पहुंचीं तो किशोरी को फंदे पर लटका देख उनकी चीख निकल गई। इससे पड़ोसी समेत अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वह तुरंत किशोरी को सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सीओ ने किया चोरी की घटना स्थल का निरीक्षण

**लवेदी।** बसैयाहार में सूबेदार के घर 25 दिन पहले हुई चोरी का पुलिस अभी तक पर्दाफाश नहीं कर सकी है। सूबेदार ने एसएसपी से दो दिन पहले प्रार्थना पत्र देकर चोरों को पकड़कर माल बरामदगी की गुहार लगाई। एसएसपी के आदेश पर सीओ भरथना आरडी मौर्य ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जल्द ही चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया। सूबेदार रामू तिवारी जम्मू-कश्मीर में तैनात है। 8 मार्च को चोरों ने सूबेदार के घर को निशाना बनाकर नकदी समेत लाखों रुपये का माल पार कर दिया था। सीओ ने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।



छात्रा को सम्मानित करतीं सदर विधायक सरिता भदौरिया। अमृत विचार




भरथना में जागरूकता रैली निकालते छात्र व छात्राएं। अमृत विचार

# घरों का सर्वे कराकर बच्चों का एडमिशन कराएं : विधायक

## विकास भवन के प्रेरणा सभागार में आयोजित किया गया जिलास्तरी कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सदर विधायक सरिता भदौरिया एवं जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम विकास भवन के प्रेरणा सभागार में आयोजित हुआ। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चियों ने सरस्वती गीत प्रस्तुत किया।

सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रत्येक बच्चा आगे आए एवं प्रगति करें उन्होंने कहा कि देश की प्रगति तब होगी जब हम पढ़े लिखे व स्वस्थ होंगे। उन्होंने कहा कि हर घर का सर्वे करा कर बच्चों का एडमिशन कराया जाए कोई भी बच्चा छूटने न पाए। इटावा 80 प्रतिशत साक्षरता में आगे है जो बच्चे 3 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं उनका एडमिशन आंगनबाड़ी में कराया जाए एवं जो बच्चे 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं उनका दाखिला कक्षा 1 में कराया जाए। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया गया कि मुख्यमंत्री का संकल्प है प्रदेश का एक-एक बच्चा स्कूल जाए एवं शिक्षा प्राप्त कर अपने गांव जिले गुरु एवं माता-पिता का नाम रोशन करें। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहने पाए निपुण का संकल्प यही है। कार्यक्रम के दौरान सबसे ज्यादा नामांकन वृद्धि वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बच्चियों को पुस्तक एवं बैग वितरण किए गए। उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रही।

हमारे भरथना प्रतिनिधि के अनुसार बीआरसी पर स्कूल चलो अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से लोगों को बच्चों के नामांकन एवं शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बीईओ सर्वेश कुमार सिंह एवं एडीओ पंचायत संतोष कुमार द्वारा बताया गया कि कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना है।

नवीन शैक्षिक सत्र के शुभारंभ पर प्राथमिक विद्यालय कन्या में बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। नई पुस्तकें प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला।

## उम्र कैद की सजा काट रहे कैदी की बीमारी से मौत

**इटावा।** सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे बंदी की सैफई आयुर्विज्ञान विवि में बुधवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक कैदी एनीमिया की बीमारी से काफी दिनों से ग्रस्त था। 23 मार्च को हालत बिगड़ने पर भर्ती कराया गया था।

सेंट्रल जेल के वार्डर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि थाना सैफई के झींगूपुर निवासी धर्मेंद्र उर्फ पप्पू (48) को गैर इरादतन हत्या के मामले में 27 जुलाई, 2023 को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद उसे जिला जेल इटावा में भेज दिया गया था। छह अगस्त 2026 को धर्मेंद्र उर्फ पप्पू को सेंट्रल जेल स्थानांतरित कर दिया गया था। 23 मार्च को धर्मेंद्र उर्फ पप्पू की हालत बिगड़ गई। इसके बाद सेंट्रल जेल से सैफई आयुर्विज्ञान विवि में भर्ती कराया था। यहां उसके शरीर में खून की कमी (एमीनिया) की कमी पाई गई। इसके बाद से उसका इलाज चल रहा था। बुधवार सुबह करीब साढ़े सात बजे इलाज के दौरान धर्मेंद्र उर्फ पप्पू ने दम तोड़ दिया। सैफई आयुर्विज्ञान विवि की सूचना पर जेल के अधिकारी पहुंचे। यहां कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं, जेल के अफसरों ने मृतक कैदी के परिजनों को सूचना दी। इससे परिवार में चीख-पुकार मच गई।



मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय समिति के अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव व अन्य।

## विद्यार्थियों को नई सीख देता है दीक्षांत समारोह

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** ज्ञानस्थली विद्यालय करवा खेड़ा में दीक्षांत समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्ञानस्थली विद्यालय समिति के अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्पहार किया। तत्पश्चात विद्यालय की सभी कक्षाओं 1-11वीं तक के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।

अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव ने कार्यक्रम की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह किसी भी शिक्षण संस्थान का एक महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण कार्यक्रम होता है। इस दिन छात्रों को उनकी शिक्षा पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं। यह समारोह छात्रों के जीवन में एक नई शुरुआत का प्रतीक होता है। दीक्षांत समारोह छात्रों के परिश्रम, अनुशासन और सफलता का उत्सव है। यह दिन विद्यार्थियों के लिए बहुत खास होता है क्योंकि वे अपने वर्षों की मेहनत का फल प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को शील्ड व प्रगति पत्र दिए गए। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और खुशी का माहौल रहा। अंत में सभी अभिभावकों व बच्चों ने मिलकर स्वादिष्ट अल्पाहार का आनंद लिया और एक-दूसरे को अगली कक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी ने विद्यार्थियों को जीवन में ईमानदारी, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। यह समारोह सभी के लिए एक यादगार पल बन गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति प्रमुख शिवमंगल, ज्ञानस्थली ग्रुप ऑफ स्कूल्स के स्पोर्ट डायरेक्टर खेल वासिफ खान, वित्त विभाग प्रमुख नीरज त्रिपाठी व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# लूट के माल की बरामदगी में दोषी को दो साल की सजा

- कोर्ट ने दो हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता इटावा



**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम अशोक कुमार दुबे ने मारपीट कर रुपया लूटे जाने के एक ममाले की सुनवाई करते हुए आरोपी को लूट के माल की बरामदगी का दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे दो साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर दो हजार रुपया का जुर्मानाभी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भोगना पडेगा।

बकेवर क्षेत्र के गांव रमौ पुर निवासी अंगद सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि वह एक जुलाई 2012 को साइकिल से बैंक आया और उसने बीस हजार रुपया निकलाकर थैले में रख लिए और गांव के लिए चल दिए। जब वह गांव नगला बल्जू के पास पहुंचे तभी बाइक पर सवार तीन लुटेरों ने उसे साइकिल गिरा दिया और मारपीट कर उसके पास से बीस हजार रुपया नकद व पासबुक लूट ले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। जांच के बाद संजय उर्फ संजू पुत्र राम प्रकाश निवासी श्री का पुरवा थाना मंगलपुर का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूट की माल बरामद हुआ। बाद में पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। छानवीन के बाद पुलस ने उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम की कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र तोमर ने सरकार की ओर से पैरवी की। उनके द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने संजय उर्फ संजू को केवल माल बरामदगी का दोषी पाया और दो साल की सजा व दो हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया।

### सेवन हिल्स स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

**इटावा।** सेवन हिल्स इंटर कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान हुआ। प्रत्येक कक्षा के टॉप 10 छात्र-छात्राओं का चयन उनकी वार्षिक शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ दुबे ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि जिस तरह उन्होंने निरंतर परिश्रम करते हुए आज यह सफलता हासिल की, उसी तरह आगे भी मेहनत और लगन कायम रखी तो जीवन में हर क्षेत्र में सफलता हासिल करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन शिवकिशोर दुबे एवं ट्रस्टी सुनील राजपूत ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उत्साह और शिक्षकों के मार्गदर्शन के साथ सफलतापूर्वक हुआ।




सेवन हिल्स इंटर कॉलेज में बच्चों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य सौरभ दुबे।





ADMISSIONS OPEN 2026-27
PLAY GROUP TO CLASS XII

Under the aegis of SHRI RAMCHARANLAL EDUCATIONAL TRUST

SEVEN HILLS INTER COLLEGE
An English Medium Co-Education School
Affiliated to CBSE New Delhi
CBSE Affiliation No. 2131547

Nurturing Curious Minds
Building Future Leaders

OUR KEY HIGHLIGHTS
- Experiential Science Learning through Xperimentor
  Hands-on activities and experiments that make learning joyful and meaningful.
- ICT360 Computer Education
- Artificial Intelligence and Robotics Classes
- Project Based Learning (PBL)
- Personality Development Program
- Teamwork & Leadership Skills
- Structured Learning Outcomes
- Strong Value-Based Education



शिव किशोर दुबे एडवोकेट चेयरमैन 8191996612
सुनील कुमार राजपूत सचिव/कोषाध्यक्ष 8191996613
सौरभ दुबे प्रधानाचार्य 8191996610

+91 8191996601, 02
info@sevenhillsetawah.com
www. sevenhillsetawah.com
Behind Guru Nanak Cold Storage
Pakka Bagh Etawah (UP) 206001

FIT INDIA
Scan QR for Registration


## प्लेटफॉर्म 3-4 पर रोशनी न होने से दिक्कत

संवाददाता भरथना



स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन देते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 3 व 4 पर रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों ने बुधवार को स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया गया है कि प्लेटफॉर्म पर रोशनी की उचित व्यवस्था न होने के कारण यात्रियों को ट्रेन से उतरने और चढ़ने में दिक्कत होती है। विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों को अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। अंधेरे के कारण कई बार संतुलन बिगड़ने से गिरकर चोटिल होने की आशंका भी बनी रहती है। पदाधिकारियों ने जनहित का हवाला देते हुए स्टेशन अधीक्षक से अनुरोध किया है कि प्लेटफॉर्म संख्या 3 व 4 पर रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था कराई जाए। ज्ञापन देने में अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, सचिव इंजी हिमांशु गुप्ता, निशांत पोरवाल एड बृजेश पोरवाल, निशांत पोरवाल, अमित श्रीवास्तव, देवाशीष चौहान रहे।

### कार की टक्कर से महिला घायल

**बकेवर।** कस्बा बकेवर के ग्राम नगला बनी निवासी शशिकुमार दोहरे ने बताया कि वह लखना बकेवर रोड पर पानी की टंकी के पास सब्जी की दुकान किये हुए है। बुधवार की सुबह उसकी पत्नी मोनिका कुमारी घर से दुकान पर सब्जी लेने आ रही थी। उसी समय कार चालक ने पत्नी को टक्कर मार घायल कर दिया। घायल पत्नी को आसपास के लोगों की मदद से 50 शैया अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉ. रवींद्र साहू ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जश्न | जिला बार एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं का किया स्वागत

# कचहरी लाठीचार्ज कांड में दोष मुक्त हुए वकील

कार्यालय संवाददाता, इटावा



दोष मुक्त हुए अधिवक्ताओं का स्वागत करते डीबीए अध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

**26** साल की कानूनी लडाई के बाद मिली सफलता

**अमृत विचार।** कचहरी में 26 साल पूर्व प्रशासन व अधिवक्ताओं के बीच में झड़प को लेकर अधिवक्ताओं को आरोपित बनाया था। इसमें आरोपित अधिवक्ताओं को दोष मुक्त कर दिया गया। इस पर जिला बार एसोसिएशन की ओर से बुधवार को इन अधिवक्ताओं का स्वागत किया गया।

इस मामले में अधिवक्ता सुनील टंडन, सुनील बाजपेई और धर्मेंद्र शर्मा आरोपित बनाए गए थे। इसमें आरोपित अधिवक्ताओं की पैरवी राजपाल सिंह भदोरिया ने की। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए तीनों अधिवक्ताओं को दोष मुक्त कर दिया। जिला बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राजेश कुमार त्रिपाठी, महामंत्री नितिन तिवारी सहित डीबीए के पदाधिकारीयों ने अधिवक्ताओं का फूल माला पहनाकर सम्मान किया। अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सत्य की जीत हुई है कहीं ना कहीं प्रशासन ने गलत तरीके से अधिवक्ताओं को आरोपित बनाया था, कोर्ट के निर्णय से सभी लोग प्रसन्न है। सीनियर एडवोकेट शांति स्वरूप पाठक, विमल तिवारी, देवेंद्र पांडे, आदित्य मोहन शर्मा ने बधाई दी। डीबीए पदाधिकारीयों में संयुक्त मंत्री योगेश यादव, सुनील यादव, वरिष्ठ सदस्य प्रमोद तिवारी, सदस्य सौरभ झा, सुभाष चंद्र, राजीव त्रिपाठी, अजीत ऋषीश्वर अनिल कुमार, इंद्रपाल सिंह, हिमांशु यादव, विवेक द्विवेदी, सीपू चौधरी और मीडिया प्रभारी अमित तिवारी मौजूद रहे।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# मौसम पलटा, तेज आंधी के साथ बारिश, ओले भी गिरे

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** हफ्ते भर के भीतर ही मौसम ने फिर से पलटा मार दिया। देर शाम अचानक ठंडी हवा के साथ बादल छाए। इसके बाद तेज आंधी, बारिश के साथ ही जनपद में कुछ स्थानों पर ओले भी गिरे। इससे जहां तापमान लुढ़क गया वहीं खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल को भी नुकसान पहुंचा। हालांकि आगामी दिनों में मौसम साफ रहने की उम्मीद जताई गई है।

मंगलवार की देर शाम से ही अचानक से वातावरण में ठंडक आ गई। इसके साथ ही बादल छाने लगे और ठंडी हवा चलने लगी। कुछ ही देर बाद हल्की बारिश शुरू हो गई। रात 10 बजे के बाद तेज आंधी चली जिससे कई स्थानों पर बिजली गुल हो गई। करीब 20 मिनट चली तेज आंधी के साथ ही जोरदार बारिश शुरू हो गई जो रुक-रुककर काफी देर तक होती रही। इसके साथ ही जिले के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई। आंधी और ओला गिरने से खेतों में तैयार खड़ी या कटी पड़ी गेहूं की फसल को खासा नुकसान पहुंचा है। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में औसत 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ गई। हालांकि दिन में धूप में गर्मी का अहसास होता रहा।

कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि मंगलवार को अचानक दिन का तापमान बढ़ने से क्षेत्र में लो प्रेशर (कम दबाव का क्षेत्र) बना। इस कारण केवल कन्नौज ही नहीं आसपास के जिलों में भी आंधी तूफान के साथ बारिश हुई है। जानकारी दी कि 10 दिन के अंदर 8 डिग्री का उतार चढ़ाव हुआ। औसत 15 मिमी बारिश हुई है। इससे अधिकतम तापमान 32 से गिरकर 30 तो न्यूनतम 22 से 20 डिग्री सेल्सियस हो गया। 45-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली है। ओला प्रभावित क्षेत्र में गेहूं की फसल पर असर पड़ा है। उत्पादन में 12-15 प्रतिशत कमी आने की आशंका है। यद्यपि मक्का पर कम प्रभाव पड़ा है क्योंकि यह बारिश की फसल है और अभी पौधा छोटा है। आगामी दिनों में मौसम खुला रहने की संभावना है। न्यूनतम व अधिकतम तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना है।


तेज आंधी में पलटी गेहूं की पकी फसल। अमृत विचार

• तापमान लुढ़का, गेहूं की पैदावार में 12-15 प्रतिशत कमी की आशंका जताई जा रही है


बारिश से भीगी गेहूं की कटी फसल को देखते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री।

### गुरसहायगंज में बारिश से फसल को हुए नुकसान को परखने पहुंचे जिलाधिकारी

**गुरसहायगंज।** ओलावृष्टि और बरसात से फसल का हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी स्वयं पहुंचे। उन्होंने संबंधित कानूनगो और लेखपाल को नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। आलू का भाव न मिलने से परेशान किसान पर मंगलवार की देर रात हुई ओलावृष्टि और बरसात आफत बनकर बरसी। कटने के लिए तैयार खड़ी सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल नष्ट हो गई। तेज हवा से फसल खेत में ही गिर गई। बुधवार को डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और एसडीएम छिबरामऊ ज्ञानेंद्र द्विवेदी ग्राम तेराजाकेट पहुंचे और फसल में नुकसान का जायजा लिया। इस बारे में किसानों से भी जानकारी ली। डीएम ने कानूनगो और लेखपाल को निर्देश दिए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्र में जाकर ओलावृष्टि और बरसात से फसल नुकसान का आकलन करें और रिपोर्ट तत्काल भेजें जिससे किसानों को मुआवजा मिल सके।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

बच्ची के सिर पर चोटों के निशान, मंगलवार शाम घर के बाहर से हुई थी लापता

# बच्ची का अपहरण, बोरे में भरकर खेत में फेंका

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव डुडवा बुजुर्ग में चार वर्षीय बच्ची का अपहरण कर लिया गया। अपहरणकर्ता उसे बोरे में भरकर खेत में फेंक कर फरार हो गए। पूरी रात परिजन, ग्रामीण और पुलिस बच्ची को ढूंढते रहे। सुबह खेत पर में बोरे के अंदर बंद मिली। रोने की आवाज से लोगों को पता चला। घायल होने से बच्ची को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

कोतवाली क्षेत्र के चौकी मझपुर्वा के गांव डुडवा बुजुर्ग निवासी एक व्यक्ति की पुत्री मंगलवार की शाम करीब 4 बजे घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान किसी ने उसका अपहरण कर लिया। परिजनों ने उसे ढूंढा लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। देर रात कोतवाली पहुंचे बच्ची के पिता ने मामले की सूचना पुलिस को देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनोद कश्यप पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और कई टीमें बनाकर बच्ची को तलाश किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। रात में बारिश होने से सर्च रोकना पड़ी।

बुधवार की सुबह करीब 6 बजे जब कुछ लोग गांव के बाहर स्थित खेत पर गए तो उन्हें दक्षिण दिशा में पड़े बोरे से बच्चे की आवाज सुनाई पड़ी। लोग पहुंचे और बोरा खोला तो बच्ची घायल अवस्था में मिली। तत्काल उसके परिजनों को और पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और बच्ची को सीएचसी पहुंचाया जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मझपुरवा चौकी प्रभारी ने बताया कि गायब हुई बच्ची बोरे में बंद मिली है जो घायल थी। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।


पिता की गोद में बरामद बच्ची व मौजूद पुलिस अमृत विचार

### सीसीटीवी थे बंद तो कैसे पुलिस पहुंचेगी आरोपी तक

■ **गुरसहायगंज।** ग्राम डुडवा बुजुर्ग में अपहरण की गई बच्ची के मामले में पुलिस सीसीटीवी के सहारे अपहरणकर्ता का पता लगाने की बात कह रही है लेकिन देर रात हुई बरसात से बिजली चले जाने से कैमरे बंद थे। ग्रामीणों के घर में लगे इनवर्टर भी डाउन हो गए थे। ऐसे में अपहरणकर्ता तक पुलिस पहुंच सकेगी इसको लेकर संदेह है। घटना में किसी परिचित का हाथ होने की आशंका है।

### रंजिश या गलत इरादे से तो नहीं किया गया बच्ची का अपहरण

■ **गुरसहायगंज।** घर के बाहर से बच्ची के अपहरण की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। प्रश्न है कि बच्ची का अपहरण रंजिशन या गलत इरादे से तो नहीं किया गया। बच्ची घायल मिली है। पुलिस बच्ची के ठीक होने का इंतजार कर रही है। इसके बाद परिजनों के सहयोग से बच्ची से पुलिस गहनता से पूछताछ करेगी।

# बारिश व आंधी से पूरी रात गुल रही मानपुर व तिर्वा उपकेंद्र से बिजली

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

• मानपुर विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र में तीन पोल टूटे, 33 केवी बक्सा जला

• नजरापुर फीडर पर टूटे पोल नहीं लगाये, 24 घंटे के बाद भी नहीं मिली बिजली

**अमृत विचार।** बारिश व आंधी से बिजली विभाग को भारी नुकसान हुआ। कई पोल टूट गए। पूरी रात देहात की बिजली गुल रही। यही हाल तिर्वा उपकेंद्र पर भी रही।

मंगलवार की रात 10 बजे के करीब आंधी व बारिश से मानपुर उपकेंद्र से जुटे करीब 100 गांव, दो दर्जन कोल्ड स्टोरेज, फैक्ट्री व नलकूपों की बिजली गुल हो गई। मकरंदनगर ट्रांसमिशन से मानपुर विद्युत उपकेंद्र को जाने वाली 33000 वोल्टेज की लाइन का केबिल बक्सा गोलकुआँ के पास जल गया। बुधवार दोपहर के बाद बक्सा ठीक किया जा सका और बिजली चालू हुई। मानपुर से जुडे फीडरों को बिजली दी गई। इसी से जुडे नजरापुर फीडर के गांव बैसापुर में तीन पोल टूट गये। इससे मंगलवार की रात 10 बजे से गुल हुई बिजली बुधवार की शाम तक नहीं आई। जानकारी करने पर बताया गया कि पोल लगाने का काम नहीं किया जा सका है। इससे गुरुवार को बिजली मिलने की उम्मीद है। लगातार तीन दिन बिजली गुल रहने से लोगों के सामने पीने की पानी की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। इसी तरह का हाल तिर्वा उपकेंद्र से जुड़े कस्बा व देहात की बिजली गुल रही।

### गुरसहायगंज में 15 घंटे से अधिक बिजली गुल

■ गुरसहायगंज। मंगलवार की देर रात्रि ओलावृष्टि और बरसात के बाद चली तेज हवा से कस्बा और आसपास ग्रामीण क्षेत्र में बिजली के खम्भे और तार टूट जाने से कस्बा और आसपास के करीब एक सैकड़ा गांव की 15 घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति ठप रही। कई जगह पर पेड़ की डालें टूटकर बिजली के तार पर आ गईं। छिबरामऊ से आई हाईटेंशन लाइन में फाल्ट हो गया। इसके चलते रात करीब 10 बजे ठप हुई बिजली आपूर्ति बुधवार की दोपहर 1:00 बजे के बाद शुरू हो सकी। विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने अपने फोन बंद कर लिए जिससे लोगों को बिजली आने की सही जानकारी नहीं हो सकी और उन्हें परेशानी उठानी पड़ी। मुख्य चौराहे के निकट पेड़ की डाल जबकि चावल मंडी में बिजली का पोल गिर जाने से तार टूट गए। कई अन्य स्थानों पर भी तार टूटने की घटनाएं हुई हैं।

### जलालाबाद में जनजीवन अस्तव्यस्त, बिजली उड़ी

■ **जलालाबाद।** आंधी, पानी व ओलावृष्टि से गेहूं, मलिंगा फसल नष्ट हो गई। जबकि कई जगहों पर पेड़ टूटने से बिजली पोल उखड़ गए। करीब 13 घंटे बिजली गुल रही। मंगलवार की देर रात को आंधी पानी व ओलावृष्टि से मदारपुर में तीन पोल टूट गए। ग्राम तरपुरवा में राजकुमार राठौर के मकान के ऊपर छत पर लगे सोलर पैनल की 11 प्लेटें उखड़ गईं। इससे लगभग डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उन्हीं के चार बीघा खेत में खड़ी मलिंगा की फसल भी नष्ट हो गई। मदारपुर सहित कई जगहों पर लगभग 12 विद्युत के पोल टूट गए। गुगरापुर के जेई सुनील सिंह ने बताया कि लगभग 12 से 13 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति को सुचारू रूप से चालू करवा दिया गया है।

## अनियंत्रित कार ने ऑटो को मारी टक्कर, पांच लोग घायल

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** कन्नौज छिबरामऊ-गुरसहायगंज मार्ग पर एक पब्लिक स्कूल के पीछे तेज रफ्तार कार ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ऑटो चालक समेत कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बुधवार को ग्राम महोई निवासी संदीप मिश्रा (45) अपना ऑटो लेकर गुरसहायगंज से छिबरामऊ की ओर जा रहा था। दोपहर करीब 12:30 बजे आशा पब्लिक स्कूल के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रही अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। इससे ऑटो में बैठी सवारियां लहूलुहान हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के जरिए तत्काल सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया। घायल संदीप (45) निवासी महोई, रन्नो देवी (55) पत्नी इंद्रपाल कश्यप निवासी महोई, लाली (20) पुत्री अमर सिंह शर्मा निवासी गनेसापुर, अल्का (35) पत्नी राहुल कश्यप निवासी महोई, मुस्कान (14) पुत्री राहुल कश्यप सभी को अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने संदीप और रन्नो देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## जेई ने शुरू किया विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**छिबरामऊ।** नगरपालिका के सभी वार्डों में 1 से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। बुधवार को जेई रविराज कौशल ने हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा बरसात के मौसम में बीमारी की अधिक आशंका होती है। लापरवाही के कारण मलेरिया व डेंगू आदि संचारी रोग किसी को भी हो सकते हैं लेकिन सावधानी बरतने से इसे रोका जा सकता है। अभियान के दौरान हर मोहल्ले में सैनिटाइजेशन का काम खास तौर पर किया जाएगा।

# शिक्षा से ही खोले जा सकते विकास के रास्ते

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** नवीन शैक्षिक सत्र में 06 से 14 वर्ष के छात्र-छात्राओं का शत प्रतिशत नामांकन कराया जाए जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी हो सकें। शिक्षा से ही विकास के रास्ते खोले जा सकते हैं। यह बात बीईओ शिवेंद्र वर्मा ने स्कूल चलो अभियान रैली के दौरान कही।

बुधवार को यूपीएस जलालाबाद में संकुल स्तरीय बैठक हुई जिसमें अभिभावकों के साथ बात करते हुए बीईओ ने कहा कि शिक्षा विभाग की योजनाओं का हर छात्र-छात्राओं को लाभ दिया जा रहा है। बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें व डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूता, मोजा, बैग, स्वेटर, स्टेशनरी के लिए खातों में 1200 रुपये दिए जाते हैं। बैठक के बाद स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ बीईओ व डायट मेंटर राजेश वर्मा ने फीता काटकर किया।


स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालते शिक्षक व मौजूद बीईओ शिवेंद्र वर्मा।

**बच्चों को मिले लंच बॉक्स, स्कूली बैग:तिर्वा।** उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के नामांकन को प्रेरित करने के लिए शिक्षकों के नेतृत्व में रैली निकाली गईं। गांव की गलियों में बैनर-पोस्टर हाथों में लेकर स्कूली बच्चों में उत्साह दिखा। कस्बा स्थित बीआरसी परिसर में पीएम श्री प्राथमिक स्कूल तिर्वागंज में वार्षिक परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों को परीक्षाफल वितरित किया गया। नए छात्रों को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता व सुभाष नगर के सभासद राजा अवस्थी ने लंच बॉक्स वितरित किए। इस अवसर पर कई लोग मौजूद रहे।

## जानलेवा हमले में 6 पर रिपोर्ट दर्ज

**सौरिख।** फैक्ट्री मालिक पर जानलेवा हमते के मामले में छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

ज्ञानोदय नगर निवासी विनोद कुमार दुबे ने बताया कि भाई पंकज दुबे मधुबन वाटिका के पास जीके अलमीरा के नाम से फैक्ट्री चला रहा है। फैक्ट्री में कार्य करने वाला दीपक अभद्रता के आरोप में 1 मार्च को निकाल दिया गया था। सोमवार की रात साढ़े नौ बजे आरोपी अनु पुत्र अवधेश, भोलू पुत्र मुन्नू, दीपांशु पुत्र विनोद, राजन पुत्र लल्लन, रजत पुत्र अवधेश निवासीगण रैपालपुर के साथ एक डीसीएम व थ्री व्हीलर लेकर फैक्ट्री के सामने आया। गेट से आवाज देकर पंकज को बाहर बुलाकर सभी ने लाठी डंडों व चाकू से हमला बोल दिया। शोर सुनकर फैक्ट्री से पवन ,अमित ,गुलशन ,जसवंत, जयकांत आ गए और भाई को बचाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। पुलिस ने मामले में छह आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांट शुरू की है।

आयोजन | सीडीओ एवं डीआईओएस ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

# बच्चों को नि :शुल्क पुस्तकें देकर स्कूल चलो अभियान का आगाज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ बुधवार को नगर क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परिसर में हुआ। अतिथियों ने कक्षा 01 से 08 तक के 13 नवप्रवेशी बच्चों का माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्हें निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं स्टेशनरी किट दीं। मुख्य विकास अधिकारी ने आवासीय विद्यालय से बच्चों की स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्य अतिथि सीडीओ राम कृपाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि डीआईओएस पप्पू सरोज ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह आधार है जो बच्चों के भविष्य को संवारती है और समाज को प्रगति के पथ पर अग्रसर करती है। कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की, वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और शिक्षा के महत्व को समझें। पीएस कुंवरपुर बनवारी की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना एवं नामांकन गीत प्रस्तुत किया। यूपीएस हैवतपुर कटरा की छात्राओं ने स्वागत गीत गाया। प्रधानाध्यापक शैली मिश्रा ने पपेट शो से अभिभावकों को शिक्षा का महत्व बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी किट एवं मोमेंटो दिए गए। बीएसए संदीप कुमार ने अतिथियों का पटका एवं मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया।


नगर क्षेत्र के आवासीय विद्यालय से स्कूल चलो अभियान की रैली निकालतीं छात्राएं।


नए शैक्षिक सत्र के पहले दिन निशुल्क किताबों के साथ विद्यार्थी, सीडीओ, डीआईओएस व बीएसए। अमृत विचार

**सर्वाधिक नामांकन वाले स्कूलों के शिक्षक सम्मानित:** कन्नौज। सर्वाधिक बच्चों के नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक गायत्री देवी (पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बेहरिन), राजेश पाठक (कंपोजिट विद्यालय छिबरामऊ), राकेंद्र सक्सेना (पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर), सुमनलता यादव (प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर बनवारी) एवं ब्रजेश कुमार (कंपोजिट विद्यालय नजरापुर) को प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीईओ कन्नौज मधुलिका बाजपेई, छिबरामऊ बीईओ आनंद द्विवेदी मौजूद रहे। संचालन सहायक अध्यापक स्नेहलता द्विवेदी ने किया।

### ये 19 शिक्षक हो गए रिटायर

कन्नौज। 31 मार्च को जनपद के परिषदीय विद्यालयों से सेवानिवृत्त हुए 19 शिक्षक- शिक्षिकाओं को अंगवस्त्र, प्रशस्ति-पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। रिटायर होने वाले शिक्षकों में आनंद प्रकाश यादव, अरविंद शर्मा, निवास कटियार, जहरूल हसन, मोहम्मद हासिम, मोहम्मद अशरफ, मोहम्मद शमशाद खान, फूल सिंह वर्मा, सुभाष चंद्र, ब्रजेश त्रिपाठी, चुन्नी पाठक, मोहम्मद मुस्तकीम, अवधेश सिंह, उमा देवी कटियार, लाडली देवी, सिद्ध गोपाल, अपसूर्यवीर सिंह, श्रीपाल वर्मा व रामेंद्र कुमार शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूलों की मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**कन्नौज।** वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय की मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का समय शुरू हो गया है। परिषद के पोर्टल पर 01 अप्रैल से 15 मई तक आवेदन निशुल्क के होंगे। 16 से 31 मई तक विलंब शुल्क लगेगा। डीआईओएस पप्पू सरोज ने बताया कि माध्यमिक स्कूलों की मान्यता के नवीन मानकों का पालन करना जरूरी है। इंटरमीडिएट स्तर पर अतिरिक्त वर्ग/ विषय की मान्यता के लिए आनुपातिक रूप से इंटरमीडिएट स्तर पर आवेदित अतिरिक्त वर्ग/ विषय की संख्या (05 वर्ग/ विषय में से) के अनुसार परिषद विनियमों के अध्याय- सात के सुसंगत विनियमों में संशोधन किया गया है। हालांकि 23 सितंबर 2025 के अनुसार ही माध्यमिक शिक्षा परिषद के पोर्टल पर वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय की मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन का समय शुरू हो गया है।

### क्यू आर कोड से भी हो सकती है साइबर ठगी

**तिर्वा।** साइबर सुरक्षा हेल्प डेस्क प्रभारी बृजेश कुमार की टीम ने उमर्दा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सिकरोरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें बताया कि साइबर अपराधी ठगी करने के लिए नए नए हथकंडे अपनाते हैं। अब क्यू आर कोड से भी आपके बैंक अकाउंट से पैसा हड़पा जा सकता है। इसलिए प्रमाणित क्यू आर कोड का ही इस्तेमाल करे। राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि दिलाने का झांसा देने वाली अंजान कॉल पर ओ टी पी न दें। सभी सूचनाएं पंजीकृत जन सेवा केंद्र से दर्ज कराएं। कार्यक्रम में महिला उप निरीक्षक सुप्रिया गुप्ता, महिला आरक्षी रवीना दीक्षित, ग्राम प्रशांत यादव सहित शिक्षक सुप्रिया यादव, मीनाक्षी, शिप्रा निगम आदि मौजूद रहीं।

### छिबरामऊ में भी तूफान, ओलावृष्टि ने क्षेत्र में मचाई तबाही

**छिबरामऊ।** छिबरामऊ में भी तूफान से खोखा और रेहड़ी लगाकर परिवार का भरण-पोषण करने वाले छोटे दुकानदारों का रोजी-रोटी का जरिया ही उजड़ गया। काशीराम कॉलोनी क्षेत्र में छोटी सी दुकान रखकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे इकराम अंसारी का करीब 15 लीटर दूध बह गया और खाने-पीने का सामान मिलाकर 30 से 35 हजार रुपये का नुकसान हो गया। मुसर्रत अली की चाय-कोल्ड ड्रिंक-पान मसाला की दुकान में 20 हजार रुपये का सामान बर्बाद हो गया। राशिद हुसैन की परचून और कोल्ड ड्रिंक दुकान में 20-25 हजार रुपये का नुकसान हुआ। जीशान अली के स्पेशल टी स्टोर का खाने-पीने का सामान सहित 15-20 हजार रुपये का सामान नष्ट हो गया। दिव्यांग सोहेलकी टी स्टॉल पर भी 10-15 हजार रुपये का नुकसान हुआ। खेतों में भी व्यापक क्षति हुई है।

### तीन घंटे गुल रही सौ शैय्या अस्पताल की बिजली

**छिबरामऊ।** विकासखंड क्षेत्र के नगला दिलू स्थित सौ शैया अस्पताल की बिजली तीन घंटे गुल रही। मंगलवार रात सौ शैया अस्पताल में बिजली गुल हो गई। तीन घंटे तक बत्ती नहीं आई और अस्पताल प्रशासन ने जेनरेटर चलाने की कोई व्यवस्था नहीं की। परिणामस्वरूप मरीज और उनके तीमारदार मोबाइल की टॉर्च जलाकर इलाज कराने पर विवश रहे। स्थानीय निवासी एक मरीज के साथ आई तीमारदार महिला ने अस्पताल के अंदर का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें साफ दिख रहा है कि अंधेरे में लोग टॉर्च की रोशनी में मरीजों की देखभाल कर रहे हैं। इस मामले में अस्पताल के सीएमएस सुनील कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने कह दिया, "यह तो प्रकृति की देन है, थोड़ा-बहुत तो चलता रहता है।" उनका यह बयान मरीजों की सुरक्षा के प्रति संवेदनहीनता को उजागर करता है।

### पूरे माह चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान

**कन्नौज।** जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान 01 से 30 अप्रैल तक चलाया जायेगा। इस को लेकर सीएमओ कार्यालय परिसर में सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने फीता काटकर शुभारम्भ किया।

## न्यूज ब्रीफ

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मारी ठेली में टक्कर मजदूर की मौत

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव प्रेमनगर निवासी 28 वर्षीय युवक की एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रेमनगर निवासी हरिपाल सिंह का पुत्र राजेश अपने साथियों के साथ मजदूरी करने के बाद घर वापस लौट रहा था। सभी लोग लकड़ी के चार पहिया ठेले पर सवार होकर जा रहे थे। जैसे ही वे वेलकम गेस्ट हाउस के निकट पहुंचे, पीछे से तेज गति से आ रहे आलू से लदे ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ठेला बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और राजेश सड़क पर गिर पड़ा। इसी दौरान अनियंत्रित ट्रैक्टर उसके ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन को वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### डंपर की टक्कर से दो लोग घायल, गंभीर

**कायमगंज।** फर्रुखाबाद दिल्ली मार्ग पर गांव ढमढेरा बंबा पुलिया के पास गांव आजमनगर निवासी दो स्कूली छात्र सगे भाई (11) वर्षीय अनुराग व (9) वर्षीय अनमोल पुत्र रंजीत यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि दोनों भाई ढमढेरा गांव में साइकिल को सही कराने के लिए साइकिल से आए हुए थे। जहां से साइकिल ठीक कराने के बाद वह वापस घर लौट रहे थे । साइकिल को बड़ा भाई अनुराग चला रहा था, जबकि अनमोल पीछे बैठा हुआ था । जब वह पुलिया के पास अपने गांव के लिए मुड़े तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है ।

### स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

**फर्रुखाबाद।** जनपद में शिक्षा के प्रसार एवं अधिकाधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज स्कूल चलो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान सब पढ़ें, सब बढ़ें, हर बच्चा स्कूल जाए जैसे नारों के माध्यम से लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

### पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर जताया विरोध

**बिधूना।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर 01 अप्रैल को श्री गजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज, बिधूना में शिक्षकों एवं परीक्षकों द्वारा एक जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन नई पेंशन योजना और यूपीएस के खिलाफ तथा पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर आयोजित किया गया था। शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर प्रजापति के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। विरोध स्वरूप सभी शिक्षकों और परीक्षकों ने अपने बाजू पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया और सरकार की नीतियों के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने एक स्वर में मांग की कि उनके भविष्य की सुरक्षा के लिए पुरानी पेंशन योजना को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। प्रदर्शन में शामिल मुख्य शिक्षक इस विरोध प्रदर्शन में भारी संख्या में शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### आज से बदले रूट पर चलेंगी इंटरसिटी और शताब्दी एक्सप्रेस

**दिबियापुर, औरैया।** आज से तेरह मई तक फफूंद पर आगरा-लखनऊ इण्टरसिटी और नई दिल्ली- लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव नहीं होगा। इस अवधि में यहां रुकने वाली यह दोनों ही गाड़ियां परिवर्तित मार्ग से मथुरा, कासगंज और शाहजहांपुर होते हुये लखनऊ जायेंगी। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार कानपुर से लखनऊ के बीच पटरियों को मजबूती देने के उद्देश से स्लीपर बदलने का काम शुरू किया जा रहा है जिसके कारण इन दोनों ट्रेनों के साथ अन्य यात्री ट्रेनों के मार्ग में भी परिवर्तन किया गया है। विकास कार्य के चलते रेलवे ने पावर ब्लाक लेने का निर्णय लिया है जिसका सीधा असर फफूंद स्टेशन से होकर गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों पर पड़ेगा।

# अमृतपुर में साढ़े आठ माह पूर्व लापता युवक का मिला कंकाल

## बहन को छेड़ने से नाराज दोस्त ने ले ली थी जान, हत्यारोपित को किया गिरफ्तार

संवाददाता अमृतपुर



आरोपी रामू को ले जाती पुलिस। अमृत विचार




ओमवीर राठौर।

**अमृत विचार।** अमृतपुर थाना क्षेत्र में साढ़े आठ माह पहले लापता हुए युवक ओमवीर राठौर का कंकाल बुधवार को बरामद हुआ है। पुलिस ने इस मामले में मृतक के दोस्त मुख्य आरोपी रामू यादव को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। आरोपी की मानें तो यह हत्या उसकी बहन से छेड़छाड़ के मामले में की गयी।

थाना क्षेत्र के गांव गुजरपुर पमारान निवासी ओमवीर पुत्र पेशकार राठौर 20 जुलाई 2025 की शाम घर से निकले थे। गांव का ही रामू यादव उन्हें घर से बुलाकर ले गया था, जिसके बाद ओमवीर वापस नहीं लौटे। पत्नी धर्मशीला की तहरीर पर 31 अगस्त 2025 को थाना अमृतपुर में रामू यादव पुत्र अजय पाल, देवेंद्र यादव पुत्र जाहर सिंह, गुलाब सिंह उर्फ तिलक पुत्र फकीरे यादव, सुरजीत यादव पुत्र अजय पाल, श्यामवीर पुत्र कन्हैया लाल और बंटी उर्फ रामऔतार पुत्र मलखान को आरोपी बनाया गया था। मंगलवार रात थाना अमृतपुर थानाध्यक्ष रक्षा सिंह के नेतृत्व में एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में मुख्य आरोपी रामू यादव को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर बुधवार सुबह फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग स्थित एक मक्के के खेत में जेसीबी से खुदाई कराई गई। करीब 24 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गड्ढे से युवक का कंकाल बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से कंकाल के साथ एक तौलिया, चप्पल और शर्ट भी बरामद की है। फॉरेंसिक टीम के सदस्य रविकांत, सचिन और यशनन्दन ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य और नमूने एकत्र किए हैं।पूछताछ में आरोपी रामू ने बताया कि ओमवीर ने उसकी बहन से छेड़छाड़ की थी। इसी रंजिश में उसने अपने साथी सुरजीत यादव के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। दोनों ने ओमवीर को रामू के खेत पर बुलाया। उसे शराब पिलाई और फिर गमछे से गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को मक्के के खेत में गाड़ दिया। घटनास्थल पर भारी भीड़ जुटने के चलते कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना फतेहगढ़, थाना राजेपुर सहित कई थानों की पुलिस तैनात रही। कार्रवाई के दौरान एसओजी प्रभारी सचिन चौधरी, समेत बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद रही।

# तीन माह में शुरू होगा देवरामपुर एवं नगला खैरबंद ओवरब्रिज निर्माण

संवाददाता फर्रुखाबाद



स्वीकृत ओवरब्रिज का नक्शा दिखाते सदर विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी।

- विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने मीडिया को जानकारी दी

**अमृत विचार।** विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी के प्रयासों से देवरामपुर एवं नगला खैरबंद ओवरब्रिज निर्माण को प्रदेश सरकार ने हरी झंडी दे दी है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए करीब 9743.28 लाख रुपये की धनराशि को मंजूरी प्रदान की गई है।

विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि यह परियोजना क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि आगामी तीन माह के भीतर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। दोनों प्रस्तावित ओवरब्रिजों की कुल लंबाई 1013.71 मीटर निर्धारित की गई है, जिससे यातायात व्यवस्था में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा।

विधायक द्विवेदी ने कहा कि इस परियोजना को मंजूरी दिलाने के लिए उन्हें लगातार प्रयास करने पड़े। कई स्तरों पर वार्ता और तकनीकी प्रक्रियाओं के बाद आखिरकार सरकार से स्वीकृति मिल पाई है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक पुल नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास की नई कड़ी है, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। ओवरब्रिज के निर्माण से ठंडी सड़क, आईटीआई नाला बघार और बाईपास मार्ग पर लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिलेगी। साथ ही आवागमन सुगम और सुरक्षित हो जाएगा, जिससे स्थानीय व्यापार और दैनिक जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

इस दौरान ब्रिज कारपोरेशन के इंजीनियर वीरेंद्र चतुर्वेदी भी मौजूद रहे, जिन्होंने परियोजना से जुड़ी तकनीकी जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य आधुनिक मानकों के अनुसार कराया जाएगा, जिससे इसकी गुणवत्ता और दीर्घकालिक मजबूती सुनिश्चित हो सके। क्षेत्रवासियों ने विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# विजय सिंह के घर हुए विस्फोट में घायल पूर्व प्रधान ने तोड़ा दम

संवाददाता फर्रुखाबाद

- 17 मार्च को हुआ था पूर्व विधायक के घर धमाका
- 24 दिनों तक जिन्दगी मौत से किया पूर्व प्रधान ने संघर्ष



भैयालाल।

**अमृत विचार।** स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी की हत्या में सजा काट रहे समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक विजय सिंह के घर 17 मार्च को हुए विस्फोट में गम्भीर रूप से घायल पूर्व प्रधान उदय प्रताप सिंह उर्फ भैयालाल ने 24 दिन जिन्दगी और मौत से संघर्ष करने के बाद दम तोड़ दिया। भैयालाल का कानपुर में उपचार चल रहा था। इस विस्फोट में पूर्व विधायक के दो बेटों सहित कुल छह लोग घायल हुए थे।

गंभीर रूप से घायल भैया लाल निवासी गांव नूरपुर थाना मऊदरवाजा को उपचार के लिए कानपुर रेफर किया गया था, जहां मंगलवार रात भैयालाल जिन्दगी और मौत की जंग हार गए।

पुलिस ने इस मामले में पूर्व विधायक के दोनों बेटों सहित सभी छह घायलों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया पूर्व विधायक के यहां विस्फोट में घायल हुए उदय प्रताप सिंह उर्फ भैया लाल जिनके सिर में गंभीर चोट आई थी। इनको कानपुर रेफर किया गया था। वहां भैया लाल का उपचार चल रहा था। मंगलवार की रात्रि को सूचना प्राप्त हुई कि अस्पताल में इनकी मौत हो गई है।

# मौसम का बदला मिजाज, भारी बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि

संवाददाता फर्रुखाबाद



बरसात और तेज हवाओं से गिरी गेहूं की फसल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में मंगलवार को रात करीब 11बजे मौसम ने अचानक करवट लेते हुए तेज आंधी, गरज-चमक और भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि का रूप ले लिया, जिससे पूरे जिले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। खासकर पांचाल घाट क्षेत्र समेत कई इलाकों में ओले गिरने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि सोमवार सुबह धूप निकली, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

दोपहर बाद अचानक आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। कुछ ही देर में हालात ऐसे हो गए कि सडक़ों पर पानी भर गया और यातायात बाधित हो गया। कई स्थानों पर पेड़ों की डालियां टूटकर गिर पड़ीं, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतें हुईं। पांचाल घाट क्षेत्र में बारिश के साथ ओलावृष्टि ने लोगों को चौंका दिया। बड़े-बड़े ओले गिरने से लोग घरों और दुकानों में छिपने को मजबूर हो गए। अचानक बदले मौसम ने गर्मी से तो राहत दी, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश और ओलावृष्टि का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ा है। खेतों में खड़ी गेहूं और अन्य फसलें ओलों की मार से प्रभावित हुई हैं, जिससे नुकसान की आशंका जताई जा रही है। किसान अब अपनी फसलों की स्थिति को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई।

# भगवान परशुराम जयंती को लेकर तैयारियां तेज

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा आगामी 19 अप्रैल को मनाई जाने वाली भगवान परशुराम जयंती को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर शोभायात्रा को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बैठक समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र त्रिपाठी के संयोजन में संपन्न हुई, जिसमें समाज के कई गणमान्य लोग एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान भगवान परशुराम शोभायात्रा के सफल आयोजन हेतु आदित्य दीक्षित को यात्रा प्रभारी बनाया गया, जबकि सौरभ मिश्रा 'चंकित' को संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा अंकित तिवारी को सह-संयोजक, क्रांति पाठक को सह-प्रभारी तथा अजय दुबे 'अज्जू' को व्यवस्थापक नियुक्त किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए बताया गया कि शोभायात्रा अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शाम 5 बजे पंडा बाग मंदिर से प्रारंभ होकर ब्राह्मण समाज धर्मशाला तक निकाली जाएगी। यात्रा के सुचारू संचालन एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी विमलेश मिश्रा को सौंपी गई है। इस अवसर पर समिति के महामंत्री लालाराम दुबे सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य भी मौजूद रहे। बैठक में सभी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए आपसी सहयोग और समन्वय पर विशेष जोर दिया। यह जानकारी यात्रा संयोजक सौरभ मिश्रा ने दी।

# नए शैक्षिक सत्र का आगाज, बच्चों का तिलक कर किया गया स्वागत

संवाददाता औरैया




प्राथमिक विद्यालय गोहना में बच्चों का तिलक कर स्वागत करते एसआरजी।

**अमृत विचार।** बुधवार को स्कूलों में नए शैक्षिक सत्र का आगाज हुआ। सत्र के पहले दिन स्कूलों में सरस्वती पूजन के साथ - साथ शिक्षकों ने रोली चंदन का टीका लगाकर नौनिहालों का स्वागत किया।

सदर ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोहना में एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने नए सत्र में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सत्र के पहले दिन 12 बच्चों का नामांकन किया गया। जिन्हें एसआरजी व विद्यालय प्रधानाध्यापक चंद्रप्रकाश द्वारा रोली चंदन का टीका लगाकर व शिक्षण सामग्री वितरित कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। इस दौरान बच्चों को सत्र के पहले दिन किताबें भी वितरित की गईं। किताबें मिलने से बच्चे गदगद नजर आए। इस मौके पर विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में अव्वल आये बच्चों को भी विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्र प्रकाश व सहायक अध्यापक कुलदीप कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग की तरफ बच्चों को निशुल्क ड्रेस, जूता, मोजा डीबीटी के माध्यम से एवं निशुल्क पुस्तक वितरण किया जा रहा है। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ईको क्लब, खेल कूद प्रोजेक्ट निर्माण, स्मार्ट क्लास आदि गतिविधियां भी कराई जा रही हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को रोज विद्यालय भेजने की अपील की। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रप्रकाश, सहायक अध्यापक कुलदीप सिंह, अवधेश पोरवाल उपस्थित रहे।

## नए सत्र पर बच्चों को दीं शुभकामनाएं

**फफूंद।** बुधवार से विद्यालय में नवीन सत्र 2026 -27 के शैक्षणिक कार्य प्रारंभ किया गया।

शैक्षणिक कार्य प्रारंभ होने से पहले विद्यालय में आए मुख्य अतिथि के रूप में कौशल किशोर पांडेय और विनीत गुप्ता ने विद्या की देवी मां शारदे का पूजन अर्चन करके नवीन सत्र की शुभकामनाएं दीं और बच्चों को बताया कि नया सत्र नई शुरुआत का अवसर है। प्यारे बच्चों सीखने का उत्साह रखो अच्छे दोस्त बनाओ और शिक्षकों का सम्मान करो और हर दिन कुछ नया सीखकर अपने सपनों की ओर बढ़ो। हमें इस वर्ष और अच्छी मेहनत करके अपने परीक्षा परिणाम को और अच्छा बनाना है आने वाले बच्चों को तिलक लगाकर नए सत्र की शुभकामनाएं दी गईं। प्रभु से प्रार्थना की गई कि प्रभु हमें इस शैक्षणिक सत्र में बल बुद्धि विद्या देकर निरंतर पढ़ते रहने की सद्बुद्धि प्रदान करें।

# फर्जी लाल-नीली बत्ती लगाकर दौड़ रही 'थार' पर पुलिस का शिकंजा

संवाददाता, रुरुगंज (औरैया)

**अमृत विचार।** जनपद में कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुए पुलिस की तरह लाल-नीली बत्ती लगाकर सड़कों पर फर्राटे भर रही एक सफेद थार पर बिधूना कोतवाली पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। वायरल वीडियो के आधार पर की गई इस कार्रवाई में वाहन को सीज कर दिया गया, जबकि चालक के खिलाफ चालान भी किया गया।

जानकारी के अनुसार, रात के समय एक सफेद थार गाड़ी बिधूना कोतवाली क्षेत्र की सड़कों पर लाल-नीली बत्ती जलाकर तेज रफ्तार में दौड़ती दिखाई दी। इस दौरान किसी राहगीर ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में साफ नजर आ रहा था कि वाहन चालक पुलिस जैसी बत्ती लगाकर लोगों में धौंस जमाने की कोशिश कर रहा था। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही क्षेत्राधिकारी व कोतवाली पुलिस टीम सक्रिय हुई और घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन की तलाश शुरू की गई।

कुछ ही समय में पुलिस ने लाल-नीली बत्ती लगी उक्त सफेद थार को पकड़ लिया। जांच के दौरान सामने आया कि वाहन पर अवैध रूप से लाल-नीली बत्ती लगाई गई थी, जो मोटर वाहन अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके बाद पुलिस ने वाहन को मौके पर ही सीज कर दिया और 6500 रुपये का चालान काटा गया। बिधूना कोतवाली प्रभारी मुकेश बाबू चौहान ने बताया कि, यह थार कोतवाली क्षेत्र के रुरुगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत पुर्वा भारामल गांव निवासी मोहम्मद आरिफ की बताई जा रही है, जो कि एक यूट्यूबर भी है।

बताया जा रहा है कि वह सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाने के उद्देश्य से इस तरह की हरकत कर रहा था। इस मामले में एसपी अभिषेक भारती ने साफ शब्दों में कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस या अन्य सरकारी विभागों की पहचान का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और इस तरह की गतिविधियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्षेत्राधिकारी पी पुनीत मिश्रा ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी इस प्रकार की अवैध गतिविधि या नियमों का उल्लंघन होता दिखे, तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

**आयोजन** — स्कूल चलो अभियान के प्रथम दिन रैली को हरी झण्डी दिखाकर जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे ने रवाना किया

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने सात स्कूल लिए गोद, मिलेंगी सभी सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, औरैया




रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला पंचायत अध्यक्ष व डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में शत-प्रतिशत बच्चों का स्कूलों में नामांकन कराए जाने के उद्देश्य से संचालित स्कूल चलो अभियान के प्रथम दिन रैली को हरी झण्डी दिखाकर जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे ने रवाना किया।

इसके पूर्व कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में स्कूल चलो अभियान-2026 के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल चलो अभियान के माध्यम से बच्चों को स्कूल आने तथा अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करना है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में ऐसे बच्चे जिन्होंने नामांकन कराने के पश्चात स्कूल छोड़ दिया है और ऐसे बच्चे जिनका अभी तक स्कूल में नामांकन नहीं हुआ है, को स्कूलों में नामांकन कराने के साथ-साथ उनकी प्रतिदिन उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री के निर्देशन में स्कूलों में पंजीकृत बच्चों को मिडडे मील योजना के तहत मध्यान भोजन, उन्हें निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, ड्रेस आदि उपलब्ध करा रही है।

उन्होंने जनपद के समस्त विकासखंडों में एक-एक प्राथमिक स्कूल को गोद लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वह प्रत्येक विकासखंड के एक-एक ऐसे स्कूलों को चिन्हित करें जहां आधुनिक संसाधनों की कमी है तथा विद्यालय में शिक्षा के स्तर को उच्चीकृत करने के लिए स्मार्ट क्लासेस के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का विवरण सहित सूची उपलब्ध करा दें। जिससे उन स्कूलों में समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कराते हुए उन्हें प्राइवेट स्कूलों के समक्ष स्थापित किया जा सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों को शिक्षा का मौलिक अधिकार देना शासन की प्राथमिकता में शामिल है इसीलिए आज से स्कूल चलो अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि वह अपने विद्यालय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि शिक्षा से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और जब व्यक्ति शिक्षित होगा तो उसकी आर्थिक उन्नति के अवसर भी बढ़ेंगे साथ ही उनका सामाजिक स्तर भी बढ़ेगा।

# फफूंद में 23वें सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**फफूंद, औरैया।** हिन्दू युवा मोर्चा संघ द्वारा 23वा सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया।

आयोजन कायस्थान मोहल्ला के हनुमान जी महाराज मन्दिर (करही संघ) पर किया गया। आयोजक हिन्दू युवा मोर्चा संघ के संगठन मंत्री बृजेंद्र कुमार उर्फ लाला सविता एवं हिन्दू युवा मोर्चा संघ के कार्यकर्ता संजीव राजपूत (हलवाई) के द्वारा सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन सम्पन्न हुआ। हिन्दू युवा मोर्चा संघ के प्रदेश संगठन मंत्री बृजेन्द्र कुमार उर्फ लाला सविता एवं संजीव राजपूत हलवाई के आह्वान पर किया गया। इस मौके पर हिन्दू युवा मोर्चा संघ संरक्षक विनोद तिवारी, विनोद कोस्टा हृदेश पांडेय , ओबरन सिंह राजपूत अशोक शर्मा , चंद्रेश कुमार शर्मा,प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट सैफई, जनपद इटावा**

**नोटिस**

बृजेन्द्र यादव पुत्र नेम सिंह निवासी ग्राम नगला अमर पो0 कुम्हावर थाना सैफई तहसील सैफई जिला इटावा की ओर से इस न्यायालय में दिनांक 19.03.2026 को वाहन संख्या UP75CT-8488 चेसिस सं0 MA3ZFDFSKL326235 इंजन नम्बर Z12ENF225678 को अपने पक्ष में रिलीज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है।
यदि उक्त के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / वाहन स्वामी को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 04.04.2026 से पूर्व दाखिल / प्रस्तुत कर सकता है।

**उप जिला मजिस्ट्रेट, सैफई।**

## न्यूज ब्रीफ



जयंती कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ता।

### अमर शहीद रामचंद्र की जयंती मनाई

**हमीरपुर।** जिला अधिवक्ता बार भवन में अमर शहीद रामचंद्र विद्यार्थी की 94 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में दूर दराज से आए लोगों ने प्रतिभाग किया। शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी की शहादत को याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष महेन्द्र सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जगदीश नारायण शर्मा रहे। संचालन देशराज रचनाकार ने किया। कार्यक्रम में महामंत्री अश्वनी प्रजापति ने कहा कि शहीदों के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज में जागरूकता कर देश का उत्थान करें। इसके अलावा मुख्य वक्ता मनीराम वर्मा, हिमांशु श्रीवास्तव, कमल किशोर, सुखलाल प्रजापति, बद्री प्रसाद, ओमप्रकाश लखेरे, राजबहादुर दक्ष, दीपक चक्रवर्ती ने भी विचार रखे। कार्यक्रम संयोजक गयादीन ने आभार जताया।

### ईंट-पत्थर चले, चाचा भतीजे के सिर फूटे

**सुमेरपुर।** ग्राम विदोखर मेंदनी में भंडारे के दौरान विवाद होने पर जमकर पत्थर चले। चार सगे भाइयों ने मिलकर चाचा भतीजे का सिर फोड़कर लहुलुहान कर दिया। गांव निवासी सीताराम ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने गांव के मंदिर में भंडारे का आयोजन किया था। भंडारे में शिवमोहन के पुत्रों सुरेंदा, वीरेंदा, नरेंदा एवं लमानी को आमंत्रित किया था। खाना खाते समय चारों बेवजह गाली गलौज करने लगे। मना करने पर चारों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इससे भगदड़ मच गई पत्थर लगने से उसके साथ भतीजे का सिर फूट गया। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि चारों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

### खेत से काट ले गए सरसों की फसल

**मौदहा।** कस्बे के उपरौस मोहल्ला निवासी किसान अरशद इस्लाम पुत्र इस्लामुद्दीन ने कोतवाली पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि मौदहा मौजे में गाटा संख्या 4216 में सरसों (लाही) बोई थी। जब फसल पक कर काटने के लिए तैयार हुई तो परछा गांव के गैंगेस्टर आरोपी मुइनुद्दीन उर्फ जुम्मू ने अपनी पुत्री अलसिफ़ा के साथ 24 मार्च को खेत से लाही काट ले गए। अरशद ने लाही का मुआवजा व आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया मामला संज्ञान में है जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

### संगठन मंत्री से मिलीं नगर पंचायत अध्यक्ष

**कुरारा।** नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने बुधवार को भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान नगर में अतिक्रमण एवं अवैध कब्जों की समस्या पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि नगरवासियों की सुविधा को देखते कस्बे में अनुशासन बनाए रखने के लिए यह मुद्दा अत्यंत एवं महत्वपूर्ण है। अध्यक्ष ने आशा जताई कि संगठन मंत्री के मार्गदर्शन में इन समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा और हमारा नगर और अधिक सुंदर, स्वच्छ व अनुशासित बनेगा।

# सॉर्टेक्स मशीन मिल में भड़की आग, लाखों का सामान जला

## आग की लपटें और धुएं का गुबार देख मचा हड़कंप, दमकल टीम ने पाया काबू

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में पनवाड़ी रोड पर गल्ला मंडी के पास सॉर्टेक्स मशीन की मिल में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने भयानक रूप धारण कर लिया। राहगीरों ने जब मिल के अंदर के धुएं का गुबार उठते देखे तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर पानी डालकर काबू पाया। आग से मिल में रखा लाखों रुपयों का प्लास्टिक और जूट का बारदाना सहित हरा मटर जलकर राख हो गया।


आग से जले माल का मुआयना करते कानूनगो और लेखपाल । अमृत विचार

- शार्टसर्किट से आग लगने की संभावना, दाल मिल बची

गल्ला मंडी के पास काजीपुरा मोहल्ला निवासी काशी प्रसाद गुप्ता की मेसर्स पूनम दाल उद्योग के नाम से सॉर्टेक्स मिल संचालित है। बुधवार सुबह करीब 11 बजे अचानक से मिल में आग लग गई। मिल में कोई लेबर आदि न होने से आग संबंधी जानकारी नहीं होने पर विकराल रूप धारण कर लिया। पड़ोसियों और राहगीरों ने जब मिल के अंदर से आग की लपटें उठती देखी तो हड़कंप मच गया। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग की लपटें बगल में ही स्थित दाल मिल तक नहीं पहुंचीं।

दाल उद्योग मिल के पार्टनर धर्मपाल गुप्ता ने बताया कि आग से करीब 2 लाख रुपये कीमत की प्लास्टिक बोरी, चार लाख की जूट की बोरी, करीब 13 लाख का हरा मटर, अलमारी, सीसीटीवी कैमरे, पांच मोटर, सिलाई मशीन आदि सामान जलकर खाक हो गया। करीब बीस लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि शार्ट सर्किट से आग लगी है।

### राजस्व टीम ने लिया नुकसान का जायजा

- मिल में आग लगने की जानकारी मिलते ही उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित व्यापारी को ढांढ़स बंधाया। वहीं कानूनगो और लेखपाल ने पहुंचकर आग से हुए नुकसान का जायजा लिया।

### संचारी रोग नियंत्रण के लिए निकली रैली

**हमीरपुर।** नगर में डॉ.भीमराव आम्बेडकर पार्क से संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान 2026 का जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने फीता काटकर शुभारम्भ रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बताया कि पूरे जनपद में 01 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करना है। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने चिकित्सा विभाग के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों व अन्य विभागों को निर्देशित किया वह जनपद वासियों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक करें। इस दौरान नगर पालिका परिषद के चेयरमैन कुलदीप निषाद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.गीतम सिंह, जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, समाजसेवी जलीश खॉन सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# आंधी से टूटा बिजली का खंभा, लोग बचे

संवाददाता, पौथिया हमीरपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार रात तेज़ आंधी के बीच चटका बिजली का पोल टूट गया। इस घटना में लोग बाल-बाल बच गए।

मंगलवार रात करीब दस बजे तेज आकाशीय बिजली तड़क एवं आंधी के चलते सिकरी गांव में रामलीला मैदान के पास श्रीपाल के घर से सटा चटका बिजली का पोल टूट गया। जिससे वहां बैठे किसान बाल बाल बच गए। उस समय बिजली नहीं थी जिससे बड़ा हादसा टल गया। बीते वर्ष प्रभूदयाल के दरवाजे जर्जर हाईटेंशन तार टूट चुका है। तब भी बड़ा हादसा होते टल गया था। संतराम ने बताया घर के पास लगा बिजली का पोल चटका है। बताया सिकरी और ललपुरा गांव में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना से करीब 24 वर्ष पूर्व हाइटेंशन लाइन डाली गई थी। मौजूदा समय में इसके तार व पोल जर्जर हो चुके हैं। लोगों की छतों खरपैल में केबल जर्जर तार लटक रहें हैं। अभी तक विभाग ने बदलने की जुर्रत नहीं समझी। ग्राम प्रधान सहित ग्रामीण कई बार विभागीय अधिकारियों को लिखित शिकायत दर्ज करा चुके हैं। झूलते तारों की बजह से भूसा भरे टैक्टर ट्राली घरों तक नहीं पहुंच पाते हैं। ट्रैक्टर की छतरी तारों में छू जाती है। प्रधान प्रतिनिधि संजय पाल सहित ग्रामीण प्रदीप, मनोज, देशराज, मदन, बब्लू, बीर सिंह, जगमोहन आदि ने डीएम घनश्याम मीणा से चटके हुए बिजली के पोल व जर्जर तारों को बदलवाने की मांग की।

### बाइक से गिरी महिला की हालत नाजुक

- **कुरारा।** भौली निवासी पारुल (25) बुधवार को बाइक से अपने पति दिनेश कुमार के साथ गांव जा रही थी, तभी भौली मार्ग पर रघवा गांव के पास बाइक से गिरकर घायल हो गई। उसे सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# नई पेंशन व्यवस्था के खिलाफ काली पट्टी बांध जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के आह्वाहन पर जनपद इकाई हमीरपुर द्वारा ब्लैक डे मनाया गया। जिसमें जनपद के समस्त शिक्षक कर्मचारी साथियों ने नई पेंशन योजना के विरोध में बांहों में काली पट्टी बांधकर अपने कार्यस्थलों में रहकर विरोध प्रदर्शन किया।

इस मौके पर जिला महासचिव कमल किशोर ने बताया कि सरकार ने आज ही के दिन वर्ष 2004 में पुरानी पेंशन योजना बंद करके असुरक्षित शेयर आधारित नई पेंशन योजना लागू की थी। जबकि विधायिका और न्यायपालिका में पुरानी पेंशन योजना अभी तक लागू है। अतः सरकार से हम मांग करते हैं कि कार्यपालिका को भी पुरानी पेंशन योजना प्रदान करे। इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, पंचायती विभाग, राजस्व विभाग, न्याय विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, सिंचाई विभाग एवं उद्योग विभाग ने भाग लिया। सभी शिक्षक कर्मचारियों को सहयोग करने के लिए जिले के संयोजक मान सिंह राजपूत ने आभार व्यक्त किया।


काली पट्टी बांधकर विरोध जताते शिक्षक। अमृत विचार

### फंदे पर लटका मिला महोबा के मजदूर का शव

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे में रहकर मजदूरी करने वाले महोबा जनपद के एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिला। आशंका है कि उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

महोबा जनपद के बफरेता गांव निवासी राकेश (32) पुत्र नाथूराम कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ले में किराए के मकान में रहता था। वह कस्बे में भवन निर्माण के कार्य में मजदूरी करता था। बीती रात राकेश ने संदिग्ध हालात में अपने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मजदूर की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था।

# आंधी-पानी से गेहूं की फसलें खेत पर बिछीं, बर्बादी से किसान सहमे

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** खेतों में पककर खड़ी और खुले आसमान के नीचे पड़ी फसलों के सहारे जीवन निर्वाह करने वाला किसान अब बेमौसम आंधी पानी से होने वाली फसलों की बर्बादी की आशंका से परेशान हो उठा है। देर रात आई तेज आंधी व बारिश से खेतों में खड़ी गेहूं की फसलें बिछ गई।।

किसानों की साल भर की यह मेहनत खुले आसमान के नीचे खेतों में पड़ी है। लेकिन बीते एक सप्ताह से बार बार बेमौसम बारिश और तेज हवाएं तथा ओलावृष्टि की दैवीय आपदाओं से किसान बुरी तरह से सहम गया है। मंगलवार की रात कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश से किसानों की फसलों को खासा नुकसान पहुंचाया है। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल तेज आंधी और जोरदार बारिश के चलते गिर गई है। इसके अलावा कटकर खेतों में सूखने के पड़ी अधिकांश फसलें भीग गई हैं। कई जगह पानी का भराव हो जाने से ये फसलें खेतों की मिट्टी में दबकर बर्बाद हो गई हैं। जिसका सबसे बड़ा असर इन फसलों की मड़ाई में देखने को मिलेगा। खेतों में भीगी फसलों को समेटे कर किसान इनके सुखाने के इंतजाम कर रहा है। इतना ही नहीं आए दिन बिगड़ते मौसम को देखकर किसान इन दिनों बुरी तरह से सहमा हुआ दिखाई दे रहा है।


खेतों पर कटी पड़ी मटर की फसल। अमृत विचार

# ट्रैक्टर बैक कराते समय युवक की चली गई जान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- ट्रैक्टर ट्रॉली में गेहूं लादकर उतारने गया था युवक
- तेजी से ट्रैक्टर बैक करते समय ट्रॉली की चपेट में आया

**अमृत विचार।** गेहूं से लदी ट्राली को बैक करते समय ट्रैक्टर मालिक का पौत्र चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज को ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।

सुमेरपुर क्षेत्र के बांकी गांव के राजकिशोर साहू का पुत्र गगन (21) गांव के लल्लू शिवहरे का गेहूं लादकर उसके घर पर खाली करने गया था। बताते हैं कि वह ट्राली बैक नहीं कर पा रहा था। तभी गांव के रामू सिंह गौर ने ट्रैक्टर बैक करने को कहा। इस पर गगन ने ट्रैक्टर चलाने को राम सिंह गौर को दे दिया और खुद ट्राली के पीछे खड़े होकर साइड बताने लगा। तेजी के साथ ट्रैक्टर बैक करने से गगन ट्राली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन सदर अस्पताल ले गए। अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही उसकी मौत हो गई। सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक दो भाइयों एवं एक बहन में बड़ा था। बहन की शादी हो चुकी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।


गगन साहू।

### दिल्ली प्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा

**हमीरपुर।** टीचर फिडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.दिनेश चन्द्र शर्मा के आवाह्न पर सेवारत शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता के विरुद्ध दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में जिले की सहभागिता को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चंदेल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई।

चार अप्रैल को प्रत्येक ब्लाक से दो बसें ले जाने का लक्ष्य रखा गया, जिनमें 500 शिक्षक जाएंगे। बैठक में राकेश त्रिपाठी, रघुराज कुटार, जितेंद्र श्रीवास, संदीप चंदेल, प्रदीप कुशवाहा, दिलीप सिंह, विजय गुप्ता, अमित सिंह, तरंग खरे, नसीमा बानो, मसूरी सचान, जितेन्द्र, अशोक पाल, विजय, विक्रम, प्रगति गुप्ता, शमवेंद्र सिंह, सुनील कुमार, रमिन्द्र सिंह, विजय गुप्ता, प्रदीप कुशवाहा, अनुराग, शरीफ मुहम्मद, अमित सिंह रहे।

# मेधावी छात्राओं का हुआ सम्मान

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विद्या भारती द्वारा संचालित सुमन भारती शांति निकेतन सरस्वती बालिका इंटर कालेज में छात्राओं को परीक्षा परिणाम वितरित किए गए। परीक्षा परिणाम पाकर छात्राएं खूब चहकीं।

अभी हाल ही में यूपीएससी में चयनित मुख्य अतिथि डा. यशवर्धन सिंह, ब्रहमानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डा.सुरेंद्र सिंह लोधी ने स्कूल की कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाली मेधावी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने षष्ट में प्रथम स्थान आने वाली राधिका, शुभि द्वितीय स्थान और बबिता तृतीय स्थान को सम्मानित किया। इसी तरह से सप्तम कक्षा की निशांती, अनबी, भूमि, कक्षा अष्टम में बंदनी, रितु दीक्षित, मांडवी, नवम कक्षा में खुशबू, ज्योति, राधा, एकादश कक्षा में कशिश, महक, श्रेया ताम्रकार को सम्मानित किया। शिशु वाटिका के बच्चों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सबसे ज्यादा उपस्थित रहने वाली छात्रा नितांशी और अवनी को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को जीवन का लक्ष्य तय करने का मंत्र बताया। कहा कि जो बच्चे सिर झुकाकर पढ़ाई में संघर्ष करते हैं उन्हें कभी भी सिर झुकाना नहीं पड़ता है और सफलता उनके कदम चूमती है। स्कूल प्रबंधक अपर्णा गुप्ता, अध्यक्ष मंजू परिहार समेत समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। आभार प्रधानाचार्या प्रवेश तिवारी ने जताया।


छात्राओं को सम्मानित करते डॉ. यशवर्धन सिंह, प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह। अमृत विचार

- सरस्वती बालिका इंटर कालेज में परीक्षाफल वितरण समारोह

### आज निकलेंगे जवारा जुलूस

**कुरारा।** क्षेत्र के जल्ला गांव स्थित प्राचीन कालका देवी मंदिर में दो अप्रैल को ऐतिहासिक जवारे निकाले जाएंगे। इसके साथ ही पांच दिवसीय मेला और रात्रि में रामलीला मंचन का आयोजन होगा। मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

मंदिर में हर वर्ष चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर जवारा मेला लगता है, जो करीब सौ वर्षों से क्षेत्र की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मान्यता है कि सच्चे मन से मां के दरबार में मुराद मांगने पर मनोकामना पूरी होती है, जबकि अनादर करने पर दंड भी मिलता है। पुजारी रामनारायण भगत ने बताया कि मेले में जालौन, औरैया सहित आसपास के जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालु मां के दरबार में मत्था टेकते हैं और मेले में खरीदारी करते हैं। मंदिर समिति की ओर से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की जाएगी।

**जवारा की धूम** | नवांगतुक पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने एसडीएम के साथ जुलूस मार्गो का किया भ्रमण

# झांकी-घोड़ा और स्वांग-तमाशा के साथ निकला जुलूस

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा पर बुधवार को विशाल जवारा जुलूस निकला। जुलूस निकलने के पूर्व जनपद के नवांगतुक पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने उप जिलाधिकारी के साथ जुलूस के मार्गो का भ्रमण किया। उन्होंने प्रमुख स्थल गुदरिया बाबा मेला मैदान में पहुंच मेला समिति के लोगों से वार्ता भी की।

बताते चलें कि कस्बे में जवारा जुलूस करीब 75 वर्षों से निकलता चला आ रहा है। जुलूस दोपहर दो बजे छह थोक बसवारी रोड एवं कछवात मुहाल की शाखाओं से उठकर बिश्नई पटी बंडवा रोड पूरवा मुहाल पंचायत भवन शीतला देवी मंदिर बड़ा दिवाला चारथोक गुदरिया बाबा मेला मैदान से पोस्ट ऑफिस व मस्जिद के पास से होते हुए बाजार बस स्टॉप पहुंचा। वहां से सभी देवी भक्तों ने सांगे व प्रमुख काली की झांकियां जालपा देवी मंदिर में भी गईं। इसके बाद जुलूस देर शाम कालका देवी मंदिर में समाप्त हो गया। जुलूस में लगभग 100 घोड़ा दर्जनों बाजे, ट्रैक्टर ट्राली में बनी झांकियां तथा कीर्तन भजन मंडली बहरुपिया पार्टी कई विमान सॉन्ग तमाशा के साथ करीब एक सैकड़ा देवी भक्त बड़ी-बड़ी सांगों को गाल में छेद कर धारण किए चल रहे थे। सबसे पीछे महिलाएं सिर पर जवारा रखे चल रहीं थी। सुरक्षा के लिए महिला पुलिस बल भी मौजूद रहा। थाना प्रभारी योगेश तिवारी ने जुलूस में घूम फिर कर व्यवस्था बनाए रखी। कार्यकर्ताओं ने जुलूस की व्यवस्था को संभालने में सहयोग किया। ग्राम प्रधान महेंद्र प्रताप ने बताया कि दो दिन रात्रि में झांसी के भाड़ और तीसरे दिन जागरण का कार्यक्रम होगा। बस स्टॉप पर राठ हमीरपुर मार्ग में लाखों की भीड़ से वाहनों को पहले ही दूसरे मार्गो से जाने के लिए डायवर्ट किया गया।



जवारा जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अमृत विचार


सांग लगाकर कालिका देवी मंदिर जाते भक्त। अमृत विचार

# स्कूल चलो अभियान की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत व जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा परिषदीय विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ किया गया। साथ ही नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई।

जिलाधिकारी ने बताया कि शिक्षा के प्रति जनजागरूकता के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। हर बच्चे को शिक्षा मिले, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आज से नवीन शिक्षा सत्र का शुभारम्भ हुआ है। एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसलिए यह आवश्यक है कि शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराया जाए। उन्होंने शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि हर घर तक पहुंच बनाई जाए ताकि एक भी बच्चा न छूटे। उन्होंने जानकारी दी कि ड्रेस, बैग, जूते, मोजे आदि के लिए 1200 रुपये प्रति बच्चा दिया जा रहा है तथा प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होने कहा कि सभी बच्चों में असीम क्षमताएं होती हैं बस उन्हें निखारने की जरूरत है। बच्चे देश के भावी भविष्य हैं, इसको निखारने का कार्य दायित्व हम सबका है। इस मौके पर चेयरमैन कुलदीप निषाद, सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, सीडीओ अरुण कुमार सिंह, बीएसए आलोक कुमार, जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार, भाजपा नेता गणेश यादव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षक आदि मौजूद रहे।



छात्रों को पाठ्य पुस्तक वितरित करते डीएम व जिला पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### बेहतर परीक्षा परिणाम पर किया गया सम्मान

**कालपी (जालौन)।** दयानंद बाल विद्या मन्दिर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह हुआ। बुधवार को आर्य समाज द्वारा संचालित दयानन्द बाल विद्या मन्दिर में परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान विद्यालय की प्रबंधक प्रीति जैतिली द्वारा वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि त्रिलोकी पुरवार रहे। इस दौरान भाजपा नेता राकेश पुरवार ने भी परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले बच्चों को और मेहनत करने की नसीहत दी।

### चेकिंग में ओवरलोड तीन ट्रक सीज किए गए

**कालपी (जालौन)।** बुधवार दोपहर प्रशासनिक टीम ने हाईवे पर आकस्मिक चैकिंग शुरू की तो तीन मौरंग के ओवरलोड ट्रक उनके हत्थे चढ़ गये जिन्हें सीज कर पुलिस अभिरक्षा में मण्डी परिसर में खड़ा किया गया है। खनिज का अवैध परिवहन न हो इसको लेकर प्रशासन द्वारा खनिज एवं परिवहन विभाग को सख्त दिशा निर्देश दिए गए है जिसके चलते उक्त विभाग के अधिकारी क्षेत्रीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस के साथ मिलकर चैकिंग अभियान चलाते हैं लेकिन लोकेशन कारोबारियों के नेटवर्क के कारण उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिलती। लेकिन बुधवार दोपहर एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में एआरटीओ विनय पाण्डेय तथा खनिज टीम द्वारा हाईवे स्थित पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान के ढ़ाबे के पास अचानक चैकिंग शुरू कर दी गई। इस दौरान टीम द्वारा तीन मौरंग भरे ट्रकों को रोका गया था लेकिन चालक ट्रक होटल के पास छोड़कर भाग निकले। जिन्हें कब्जे में लेकर गल्ला मण्डी परिसर तक ले जाने में टीम को अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ी।

### पारिवारिक विवाद समाप्त, साथ रहने को राजी हुए दंपति

**जालौन।** कोतवाली में आए पारिवारिक विवाद के मामले में पति ने अपनी पत्नी पर परिजनों के साथ अभद्रता की शिकायत की थी। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी ने अपनी पत्नी के खिलाफ अभद्र व्यवहार करने एवं परिजनों के साथ गाली, गलौज करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायती पत्र दिया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए मिशन शक्ति टीम के प्रभारी संजय यति, महिला चौकी प्रभारी मधु देवी एवं महिला हेल्प डेस्क से दीपिका ने दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया और दोनों में सुलह करा दी।

## नए कप्तान ने समझे जनपद के हालात

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के साथ अधिकारियों ने नवागंतु पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह का जिला आगमन पर स्वागत किया। इसके बाद एसपी ने बैठक कर पुलिस अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए जिले की पृष्ठभूमि, भौगोलिक स्थिति, संवेदनशील क्षेत्रों और महत्वपूर्ण स्थलों के संबन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। बैठक के दौरान जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग व्यवस्था को प्रभावी बनाने के साथ आमजन में सुरक्षा की भावना को और मजबूत करने के संबन्ध में सार्थक चर्चा की गई।

बैठक में नवांगुतक एसपी ने जिले के सभी थानों की जानकारी लेते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण पर उनका फोकस रहेगा। पुलिस अधिकारी कर्मचारी जिले में शांति, सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सतर्क एवं सक्रिय रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें, साथ ही जनता के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने पर जोर दिया और कार्य के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


नए एसपी को बुके भेंट करतीं एएसपी वंदना सिंह।


चार्ज संभालने के बाद समस्याएं सुनते एसपी। अमृत विचार

- एएसपी वंदना सिंह ने बुके भेंटकर नए एसपी का किया स्वागत
- एसपी ने चार्ज संभालने के बाद बैठक कर प्राथमिकताएं गिनाईं

एसपी ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस टीम पैदल मार्च और फ्लैग मार्च निकालकर आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करेगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं और अफवाहें फैलाने वालों पर नजर रखते हुए उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। नए एसपी शशांक सिंह इससे पहले लखनऊ कमिश्नरेट में डीसीपी ईस्ट के पद पर तैनात थे। वहां उन्होंने अपराध नियंत्रण में सख्त छवि और रणनीतिक कार्यशैली का परिचय दिया और अब उनसे जिले में भी कानून व्यवस्था को और मजबूत करने की उम्मीद जताई जा रही है।

### एसपी ने पहले दिन ही सुनीं जनसमस्याएं

नवागत पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने बुधवार को पहले दिन कार्यालय में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए जिससे आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबन्ध में भी जानकारी दी।

## संचारी रोगों के लक्षण बताए

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

- अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय जैतपुर में कार्यक्रम

**अमृत विचार।** बदलते मौसम को देखते हुए शासन के निर्देश पर संचारी रोगों की रोकथाम के लिए 1 से 30 अप्रैल तक विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत कर दी गई है। इसी क्रम में जिले में प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बीके चौहान के निर्देशन एवं सीएचसी जैतपुर अधीक्षक डॉ. पीके सिंह की देखरेख अभियान का शुभारम्भ करते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय जैतपुर में कार्यक्रम कर आयोजन किया गया। कार्यक्रम डाक्टरों ने संचारी रोगों से लक्षण व रोकथाम की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में चिकित्सक डॉ. डीएन शर्मा ने कहा कि आज की तेजी से बदलती दुनिया में संक्रामक बीमारियां न केवल हमारी सेहत बल्कि जीवनशैली पर भी गंभीर असर डालती हैं। संचारी रोग एक व्यक्ति से दूसरे में आसानी से फैल सकते हैं और कई बार महामारी का रूप भी ले सकते हैं, जिसे सही जानकारी और समय पर इलाज से इनका प्रभाव काफी हद तक कम किया जा सकता है। कहा कि संचारी रोग वायरस, बैक्टीरिया, फंगस या परजीवियों के कारण होती हैं। संचारी रोग से ग्रसित मरीज को लगातार बुखार, खांसी, गले में खराश, थकान और शरीर दर्द, डायरिया या उल्टी आदि की दिक्कत होती है।

डाक्टर ने बच्चों को विशेष रूप से गर्मी के मौसम में अधिक मात्रा में पानी पीने, स्वच्छता बनाए रखने, साफ सफाई पर ध्यान देने और आसपास स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दी साथ ही मच्छरों से बचाव के उपायों पर भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य टीम के सदस्य डॉ. आकांक्षा सोनी, डॉ. अमित गंगेले, एफएचडब्ल्यू संगीता एवं विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाचार्य शहजादे तनवीर मौजूद रहे।

## प्रधानाचार्य का मिला शव, हत्या का आरोप

### पैतृक गांव बारात पहाड़ी से दूध लेकर बाइक से घर लौट रहे थे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- बुधवार को तड़के पहर 4 बजे इठर पहाड़िया के पास बरामद हुआ शव और उनकी बाइक

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बारात पहाड़ी गांव के समीप प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष भगत का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर, परिजनों और साथी शिक्षकों ने हत्या की आशंका जताई है और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

प्राथमिक विद्यालय बरी में प्रधानाचार्य और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष भगत सिंह राजपूत (50) मूल रूप से बारात पहाड़ी गांव के निवासी थे। वह अपने परिवार के साथ शहर के आलमपुरा मोहल्ले में रहते थे। बताया गया कि मंगलवार रात वह अपने पैतृक गांव बारात


भगत सिंह।

पहाड़ी से दूध लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। बुधवार सुबह करीब चार बजे इठर पहाड़िया के पास उनका शव और बाइक बरामद हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस हर पहलू से मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।

उधर, छोटे भाई मनोज कुमार और बड़े भाई संजीव कुमार ने इसे सामान्य सड़क हादसा मानने से इनकार किया है। उनके अनुसार बाइक की दिशा और सिर पर लगी गहरी चोट कुछ और बयां कर रही है। परिजनों का कहना है कि ईर्ष्या के चलते किसी ने साजिश के तहत हत्या करने के बाद मामले को दुर्घटना का रूप दिया है। साथी शिक्षक अखिलेश वर्मा ने कहा कि सड़क पर बाइक घिसटने के निशान नहीं हैं और न ही मृतक के कपड़े फटे हैं, जो आमतौर पर सड़क दुर्घटनाओं में होते हैं। शिक्षकों ने उन्हें एक कर्मठ और मिलनसार व्यक्ति बताते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## नौनिहालों को वितरित किए गए परीक्षाफल

**महोबा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय पसवारा में परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक जागेश्वर गौतम ने कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राइमरी स्तर पर कक्षा 5 में हिमांशु ने पहला, कोमल ने दूसरा और हिमांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में कक्षा 8 की रचना ने प्रथम सचिन ने द्वितीय तथा गिरजा को तृतीय स्थान मिला। बच्चों को संबोधित करते हुए योगेंद्र अनुरागी ने कहा कठिन परिश्रम से हर मंजिल को प्राप्त किया जा सकता है और मन में किसी कार्य करने की चाह हो तो कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। परीक्षाफल वितरण समारोह में उमा सचान के अलावा विद्यालय परिवार के समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।





बच्चों को संबोधित करते प्रधानाचार्य और बच्चों को मार्कशीट देते शिक्षक। अमृत विचार

## पहले दिन मुस्कराते स्कूल पहुंचे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 का बुधवार से शुरू हो गया। पहले दिन बच्चे मुस्कराते हुए पहुंचे और सहपाठियों से मिकर खुशी जाहिर की। शिक्षकों ने भी विद्यालय में नामांकन के लिए संपर्क अभियान का श्रीगणेश किया। अब घर घर शिक्षक पहुंचकर अपने अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने का कार्य भी कर रहे हैं। पहले दिन अनेकों विद्यालयों में नामांकन का कार्य किया गया तो कुछ विद्यालयों में शिक्षकों ने परीक्षाफल वितरित किए।

पहली अप्रैल को विद्यालय में बच्चों का उत्साह देखते ही बना। छोटे छोटे बच्चे अपने माता पिता और अभिभावकों के साथ तो कुछ स्कूल वाहन व निजी वाहनों से स्कूल पहुंचे। विद्यालयों में पूरा स्टाफ भी समयानुसार पहुंचे और कार्य में जुट गए। शासकीय और सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले नए छात्र छात्राओं का तिलक और फूलों के साथ स्वागत किया गया। स्कूल के पहली परीक्षा के बाद कुछ दिन की छुट्टी होने से सुबह देर तक सोना, न टिफिन पैक करने का टेंशन और न बैग पैक करने का। न होमवर्क की झनझट की समस्या से दूर रहने के बाद एक बार फिर माताओं को अपने बच्चों को स्कूल पहुंचने की फिक्र होने लगी है।

संजरी इंटर नेशनल स्कूल में प्रधानाचार्य प्रवीण श्रीवास्तव ने छात्र छात्राओं से कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य केवल साक्षरता या रोजगार नहीं, बल्कि आत्म साक्षात्कार, चरित्र निर्माण और व्यक्ति का सर्वांगीण विकास है। कहा कि जब बच्चा छात्र के रुप में शिक्षा की नई राह पर कदम रखते हैं, तो उनके लिए कुछ डर या संकोच का अनुभव करना सामान्य है। नया वातावरण कुछ को डराने वाला लग सकता है, जबकि दूसरों को उत्साहित कर सकता है। उन्होंने नई शुरुआत, अनुशासन, और आत्मविश्वास के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों को प्रेरित किया। छात्रों को निडर होकर गलतियों से सीखने और अपने लक्ष्यों के प्रति केंद्रित रहने और एक दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना का संदेश दिया।

## मेधावियों को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शुभारंभ सीडीओ बलराम और समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस साल सभी कक्षाओं का परिणाम 98.6 फीसदी रहा। कक्षा छह में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र मृत्युंजय राज श्रीमाली को सीडीओ ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए परीक्षा प्रमुख रविन्द्र ने बताया कि कक्षा सात के वर्ग क, ख में प्रथम स्थान सचिन, आदित्य साहू ने प्राप्त किया। कक्षा आठ वर्ग ख के समक्ष, कक्षा 9 वर्ग क, ख और ग में क्रमशः अमित, आनंद कुमार तिवारी, नितेश कुशवाहा ने प्रथम स्थान पाया।



परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद शिक्षकों के साथ बैठे विद्यार्थी। अमृत विचार

कक्षा 11 क, ख ग के छात्र अजय, शौर्य सोनी और वीर पुरवार को पहला स्थान मिला। सभी कक्षाओं के प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। कोऑर्डिनेटर राजेश पुष्पक ने सभी बच्चों का परिणाम प्रस्तुत किया। आचार्या कृतिका व शिवी सिंह ने बच्चों को बुलाकर अंक पत्र के साथ ट्रॉफी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए संगीताचार्य पं जगप्रसाद तिवारी ने कविताएं सुनाईं। प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राएं साल भर मेहनत करने के बाद परिणाम के दिन का बेसब्री से इंतजार करते हैं। परिणाम देखने के बाद कुछ विद्यार्थी निराश हो जाते हैं, कुछ के चेहरे खिल जाते हैं। उन्होंने कहा कि परिणाम अच्छा न आने पर बच्चों को दुगनी मेहनत करनी चाहिए। परीक्षा प्रभारी ने अतिथियों का आभार जताया। यहां पूर्व डीआईओएस गिरधारी लाल भी रहे।

## रास्ते के विवाद पर दबंगों ने तोड़ा हाथ

**महोबा।** चरखारी क्षेत्र के सालट टपरियन गांव में रास्ते के विवाद पर दबंग परिवार ने पड़ोसी का हाथ टूट गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय पैसों की मांग की। बुधवार को एसपी शशांक सिंह को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

सालट टपरियन के पप्पू अहिरवार ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका पड़ोसी परिवार रास्ते पर जबरन कब्जा कर रहे थे। उसने विरोध किया तो लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। परिजनों ने बचाने का प्रयास किया तो अभद्रता की। मारपीट में हाथ फ्रैक्चर हो गया। पीड़ित ने बताया कि पुलिस ने रास्ता खुलवाने के नाम पर उनसे दो किस्तों में 10 हजार रुपये की रिश्वत ली, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। दबाव डालकर थाने में समझौता कराने का प्रयास किया।

## प्रदर्शन के बाद गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** खरेला थाना क्षेत्र के पाठा गांव में सोमवार को थ्रेसरिंग के दौरान ट्रैक्टर थ्रेशर मशीन चढ़ने से किशोर की मौत हो गई थी, जिस पर पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया। इससे नाराज परिजनों ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए हंगामा काटा और धाराएं बदलने की मांग उठाई। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करते हुए विरोध प्रदर्शन को शांत कराया।

पाठा गांव निवासी जगभान यादव अपनी फसल की थ्रेसिंग कर रहा था जहां बगल में स्थित खेत के किसान का 16 वर्षीय पुत्र निखिल जगभान के ही खेतपर जमीन पर सो गया। रात के अंधेरे में ही थ्रेसिंग करने के बाद जैसे ही चालक ने ट्रैक्टर बैक किया जिसकी जद में आ जाने से निखिल की मौत हो गयी। घटना की


निखिल।


हादसे का मुकदमा दर्ज करने का विरोध करते परिवार वाले। अमृत विचार

- पिता ने चालक पर रंजिशन ट्रैक्टर चढ़ाने का लगाया आरोप

सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक नन्हेलाल यादव ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और ट्रैक्टर चालक के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

बुधवार को जैसे ही किशोर का शव गांव पहुंचा वैसे ही परिजनों ने दर्ज हुए मुकदमा पर आपत्ति दर्ज करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि वह रामप्रसाद के खेत में थ्रेसिंग कर रहा था जहां मेरा पुत्र निखिल खाना देने आया था और आरोपी जगभन ने जानबूझकर रंजिशन पुत्र के ऊपर ट्रेक्टर चढ़ाया गया है जिससे उसकी मौत हो गयी। परिजनों द्वारा लाश को घर के दरवाजे रखते हुए अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। अंतिम संस्कार न किए जाने और विरोध को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक सहित सीओ चरखारी दीपक दुबे गांव पहुंचे और ट्रैक्टर चालक के विरूद्ध दर्ज मुकदमा में इरादतन हत्या एवं एससी एसटी की धाराओ को बढाते हुए जांच शुरू कर दी।

**मौसम की मार** — खेतों पर गेहूं की पकी खड़ी फसल को खासा नुकसान, बिजली के पोल टूटे

## आंधी और बरसात के साथ गिरे ओले

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** मौसम ने मंगलवार रात को एक बार फिर करवट बदली। देर रात आई आंधी बारिश के साथ कुछ स्थानों पर ओले गिरे। इससे गेहूं की फसल की कटाई प्रभावित हुई। वहीं आंधी के चलते कई स्थानों पर बिजली के पोल टूट गए। टूटे हुए बिजली पोलों को बदलवाने का कार्य किया जा रहा है। मंगलवार की देर रात पानी के साथ आई आंधी के चलते कई स्थानों पर बिजली के पोल टूट गए। इन टूटे हुए बिजली के पोलों के चलते बिजली की आपूर्ति प्रभावित हुई। इन टूटे हुए पोलों में मोहल्ला मुरलीमनोहर में सहावनाका फीडर के जामा मस्जिद के पास, तोपखाना फीडर के लौना रोड पर, कामांक्षी फीडर के स्वामी विवेकानंद इंटरकॉलेज के पास, कोल्ड स्टोर के पास और ग्राम हरकौती में, जगनेवा फीडर के हरीपुरा, शेखपुरा फीडर के औरेखी और धनौरा फीडर के छानी खास में कुल 11 बिजली के पोल टूट गए। बिजली के पोल टूटने से इन स्थानों पर बिजली की आपूर्ति प्रभावित हुई है। जानकारी मिलने पर बिजली विभाग ने इन पोलों को ठीक कराने का काम शुरू कर दिया है। जेई नवीन कंजौलिया ने बताया कि काम कराया जा रहा है। काम पूरा होते ही बिजली व्यवस्था दुरूस्त हो जाएगी।


आंधी से मुरली मनोहर मोहल्ले में झुक गया बिजली का खंभा।

### किसानों ने मुआवजा दिलाने की मांग उठाई

**जालौन।** आंधी, पानी और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसानों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर उन्हें मुआवजा दिलाने की मांग करते हुए सामाजिक न्याय एवं किसान मंच ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। सामाजिक न्याय एवं किसान मंच के तत्वावधान में किसान ओमप्रकाश साहू, संदीप राठौर, इकबाल बहादुर, कृष्ण कुमार, मनोज कुमार, संतोष सिंह, विपिन कुमार, रामशंकर, जोधराज, सुखलाल आदि ने एसडीएम हेमंत पटेल को ज्ञापन सौंपकर बताया कि मंगलवार की रात जालौन नगर व क्षेत्र में ओलावृष्टि और आंधी के साथ जमकर बारिश हुई है। इससे पूर्व भी ओलावृष्टि और बारिश हो चुकी है। बारिश, ओलावृष्टि और आंधी के चलते किसानों के खेतों में खड़ी गेंहू, चना आदि की फसलों को नुकसान पहुंचा है। मंच ने किसानों की फसलों को हुए नुकसान का सर्वे करा कर नुकसान का सम्मानजनक मुआवजा दिलाए जाने की मांग की।

## किसान को गोली मार किया घायल

**महोबा।** कबरई थाना क्षेत्र रेवारा गांव में पुरानी रंजिश के चलते खेत में थ्रेसिंग कर रहे एक किसान को बाइक सवार दबंगों ने गोली मारकर घायल कर दिया। घायल को जिला अस्पताल से झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच के साथ हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

रेवाना गांव निवासी अरुण यादव खेत पर गेहूं की थ्रेसिंग कर रहा था, तभी गांव के सुभाष ठाकुर, सुमित यादव साथियों के साथ बाइक पर पहुंचा और अरुण से विवाद करने लगा। तमंचे से फायरिंग कर दी, जिससे अरुण को गोली लग गई। गोली लगते ही मौके से भाग गए। परिजन घायल को अस्पताल लाए, जहां से उसे झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। पुलिस जांच कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## ज्ञान, संस्कार और एकाग्रता का माध्यम होतीं हैं पुस्तकें : डीएम

संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** टाउनहॉल पुस्तकालय में एक प्रेरणादायक पहल के तहत एआरटीओ राजेश कुमार द्वारा अपने पिता अमरचन्द्र, पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष, ब्रह्मानन्द संस्कृत महाविद्यालय राठ (जनपद हमीरपुर) के जन्मदिन के अवसर पर पुस्तक अलमारी एवं उपयोगी पुस्तक सामान्य विज्ञान, भूगोल, सामान्य अध्ययन/सामान्य ज्ञान, यूजीसी नेट की कई विषयों से संबंधित किताबों व सॉल्ड पेपर को भेंट किया गाय। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए अमरचन्द्र के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब बच्चे मोबाइल, यूट्यूब व अन्य इंटरनेट माध्यमों में अत्यधिक समय व्यतीत कर रहे हैं, ऐसे में पुस्तकों से जुड़ाव अत्यंत आवश्यक है। पुस्तकें न केवल ज्ञान का भंडार हैं, बल्कि बच्चों के मानसिक विकास, एकाग्रता और संस्कार निर्माण का सशक्त माध्यम भी हैं। टाउनहॉल पुस्तकालय के केयर टेकर/प्रभारी द्वारा बताया गया कि टाउनहॉल पुस्तकालय में मेडिकल, इंजीनियरिंग जैसे अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें मौजूद हैं।


एआरटीओ ने टाउनहॉल पुस्तकालय को भेंट की अलमारी व पुस्तकें। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### दुर्लभ ग्रंथ, पांडुलिपि हैं तो कराइए डिजिटलीकरण

**चित्रकूट।** अगर आपके पास प्राचीन पांडुलिपियों एवं दुर्लभ ग्रंथ हैं तो इसकी जानकारी प्रशासन को दें। इनका डिजिटलीकरण किया जाएगा। यह कार्य ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल इसके नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। सरकार ने दुर्लभ ग्रंथों, पांडुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटलीकरण के लिए ज्ञान भारतम् मिशन की शुरुआत की है। इसके तहत जिले में भी प्राचीन पांडुलिपियों, ताड़पत्रों, भोजपत्रों एवं दुर्लभ ग्रंथों का संरक्षण, सर्वेक्षण एवं डिजिटलीकरण किया जाएगा। प्रशासन के अनुसार, चित्रकूट, जो प्राचीन धर्म, दर्शन एवं साहित्य की भूमि रहा है, इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएगा। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न मठों, मंदिरों, आश्रमों, शैक्षणिक संस्थानों, पुस्तकालयों एवं निजी संग्रहकर्ताओं के पास उपलब्ध पांडुलिपियों का चिह्नांकन, सूचीकरण एवं डिजिटलीकरण किया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी को इस अभियान का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। डीएम ने अपील की कि जिसके पास 75 वर्ष या उससे अधिक पुरानी पांडुलिपियां या दुर्लभ ग्रंथ हैं, वे इस अभियान में सहयोग करें।

### संपर्क सूत्र न होने से पक्षकारों से संपर्क में दिक्कत

**चित्रकूट।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इला चौधरी ने राष्ट्र के प्रति मध्यस्थता अभियान 2.0 के संबंध में बुधवार को अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। इस मौके पर अधिवक्ताओं और मध्यस्थों ने बताया कि संपर्क सूत्र न होने से पक्षकारों को नोटिस तामील कराने में दिक्कत होती है। सचिव ने बताया कि विभिन्न न्यायालयों से अब तक कुल 1130 पत्रावलियां मध्यस्थता केंद्र में आई हैं। इनमें से लगभग 70 वादों में पक्षकारों के मध्य समझौता कराया गया है। बैठक में अधिवक्ताओं और मध्यस्थों से दिक्कतों की जानकारी ली गई। इस पर बताया गया कि अधिकांश पत्रावलियों में पक्षकारों का संपर्क सूत्र नहीं रहता, जिससे इनसे सीधे संपर्क नहीं हो पाता। नोटिस समय से वापस नहीं आ पाती हैं। इनको तामील कराने में असुविधा होती है। सचिव ने संबंधित न्यायालय व पुलिस विभाग से संपर्क कर समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। इस दौरान चुनकूराम, चुन्नीलाल, महेंद्र प्रताप सिंह, अखिलेश ओझा, शिवनरेश, बालकृष्ण, राजेश मिश्रा, अभिलाष आदि मध्यस्थ अधिवक्ता मौजूद रहे।

### समारोहपूर्वक दी शिक्षक को विदाई

**चित्रकूट।** प्रधानाचार्य एवं राजकीय शिक्षक संघ प्रांतीय संरक्षक रामेश्वर प्रसाद पांडेय की सेवानिवृत्ति पर बुधवार को राजकीय विद्यालय इटवा डुडैला में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर संघ के प्रांतीय महामंत्री अरुण यादव, हायर सेकेंडरी स्कूल कटिया मैहर के प्रधानाचार्य अशोक तिवारी, प्रभारी प्रधानाचार्य राकेश कुमार, सौरभ आनंद, भवेंद्र राव, अचल सिंह, पप्पू विश्वकर्मा, रघुनंदन व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं। संचालन जीआईसी प्रयागराज के अंग्रेजी प्रवक्ता रविंद्र यादव ने किया।

### पति-पत्नी के बीच कराई सुलह

**चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया गया। पुलिस के अनुसार, अर्पणा मिश्रा ने अपने पति सहित ससुरालीजनों के विरुद्ध मारपीट करने के संबंध में एसपी को प्रार्थनापत्र दिया था। एसपी के निर्देश पर मुख्य आरक्षी रजनी सिंह, आरक्षी सोनिका द्विवेदी एवं पुलिस काउंसलर सुरेशचंद्र जायसवाल ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया।

### ग्रामीण महिलाओं को किया गया जागरूक

**सीतापुर।** दीनदयाल शोध संस्थान के तत्वाधान में बुधवार को ग्राम पंचायत टेढ़ी पतवनिया गोदावरी एवं ग्राम पंचायत पैकोंरा में मातृ एवं किशोरी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता संगीता जैन, प्रभारी समाज शिल्पी दंपती सीमा पांडेय, संकुल प्रभारी शालिनी शुक्ला के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम तथा ग्राम प्रधान नरेंद्र पटेल आदि मौजूद रहे। मातृ एवं किशोरी सम्मेलन में गर्भस्थ शिशु संस्कार एवं विद्यारंभ संस्कार भी हुआ।

# इसबार गर्मी में मवेशी नहीं घूमेंगे छुट्टा, गोशाला में ही रहेंगे

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** इस बार गर्मी में अन्ना मवेशियों को छुट्टा नहीं छोड़कर गौशाला में ही रखा जाएगा। इस आदेश के बाद जिले की गौशालाओं में भी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाएगा। इस संबंध में बुधवार को विकासखंड सभागार में अनुश्रवण समिति की बैठक हुई।

बैठक में बीडीओ ओमप्रकाश यादव ने ग्राम प्रधानों को गोवंशों के समुचित भरणपोषण और देखभाल के निर्देश दिए। बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर गोवंशों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। गर्मी से राहत के लिए पंखें या कूलरों के बजाय स्प्रिंकलर सेट लगाने का सुझाव दिया गया है। हालांकि कुछ प्रधानों और सचिवों ने इससे पशुओं के बीमार होने की आशंका भी जताई। बीडीओ ने बताया कि भूसा आपूर्ति के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

बता दें मऊ विकास खंड के 56 ग्राम पंचायतों में कुल 52 गौशालाएं हैं। इसके अलावा एक गौशाला नगर पंचायत मऊ में है। कुल गोवंशो की संख्या 10465 है। बताया गया कि 20 मार्च तक सभी ग्राम पंचायतों के भूसा संबंधित भुगतान कर दिए गए हैं। बैठक में बताया गया कि सरकार द्वारा 50 रुपये प्रति गाय प्रतिदिन के हिसाब से निराश्रित गौवंश के नाम पर दिया जा रहा है। हरा चारा (नेपियर, मक्का, चरी), सूखा भूसा और साइलेज की व्यवस्था, चूनी, चोकर और गुड़ इत्यादि भी इसी में होना है। नेपियर घास आदि की व्यवस्था की जिम्मेदारी गांव के प्रधान और सचिव द्वारा की जानी है। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव के प्रधानों द्वारा विगत सालों गौशाला के नाम पर खूब बंटरबांट की गई तो इस साल तो भगवान ही मालिक है।



बैठक को संबोधित करते खंड विकास अधिकारी मऊ ओमप्रकाश यादव।

### अनुबंध के लिए फर्म का पंजीकृत होना अनिवार्य

- बीडीओ ओमप्रकाश यादव ने बताया कि अनुबंध के लिए फर्म का पंजीकृत होना अनिवार्य है साथ ही जीएसटी भुगतान करना और गोदाम होना भी अनिवार्य है। किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है, तो उसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### गोवंश के लिए रहेगी पर्याप्त व्यवस्था

- उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. रविशंकर गौतम ने बताया कि ग्राम पंचायतों में गोवंशों के लिए भूसा और पानी की व्यवस्था की जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देश पर गौवंशों को ग्राम पंचायतों में सुरक्षित रखने और खुला न छोड़ने के लिए प्रधानों ने सहमति दी है।

## झुलसती गर्मी में गोवंश की सुरक्षा का इम्तिहान

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश सरकार ने निराश्रित गोवंशों की सुरक्षा के लिए व्यापक और सख्त कदम उठाए हैं। सभी गो-आश्रय स्थलों में दो माह का भूसा स्टॉक (भूसा बैंक) अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही 24 घंटे बिजली-पानी, छायादार शेड, तिरपाल तथा कूलिंग सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार की मंशा साफ है कि भीषण गर्मी में गोवंशों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी गोशाला में भूसा, पशु आहार या साइलेज की कमी नहीं होनी चाहिए। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। इसके साथ ही प्रदेश के 5 हजार से अधिक गो-आश्रय स्थलों को 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी में लाया गया है। बुंदेलखंड क्षेत्र, विशेषकर चित्रकूट में गर्मी का प्रभाव अत्यधिक रहता है। कई घंटों तक झुलसाने वाला तापमान बना रहता है। ऐसे में यहां गोवंशों की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती है। जिले के पांचों ब्लॉकों की 298 गौशालाओं में कुल 56,086 गोवंश संरक्षित हैं, जिनकी देखरेख के लिए 1,450 केयर टेकर तैनात किए गए हैं। ब्लॉकवार आंकड़ों पर नजर डालें तो कर्वी में 11,697, मानिकपुर में 12,331, पहाड़ी में 12,645 और रामनगर में 8,338 गोवंश संरक्षित हैं। हालांकि, ग्रामीण जानकारों और पशु प्रेमियों ने जमीनी व्यवस्थाओं को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि अधिकांश गौशालाओं में न तो पर्याप्त छायादार पेड़ हैं और न ठोस शेड की व्यवस्था। केवल टीन शेड के सहारे गोवंशों को भीषण गर्मी से बचाना संभव नहीं है। उनका मानना है कि यदि समय रहते पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए, तो तेज गर्मी में गोवंशों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा सकता है। पशु प्रेमियों का यह भी तर्क है कि गर्मी के महीनों में खेत खाली रहते हैं और अन्ना मवेशी खुले में चरते हुए न केवल अपना पेट भरते हैं, बल्कि खेतों की उर्वरता भी बढ़ाते हैं।

# शिक्षा से कोई भी पा सकता है समाज में सम्मानित स्थान : जिलाधिकारी

## 24 नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का डीएम ने तिलक लगाकर किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बुधवार को स्कूल चलो अभियान एवं प्रवेशोत्सव की औपचारिक शुरुआत की। विकासखंड कर्वी के पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय, कछारपुरवा में हुए कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने बच्चों को प्रेरित किया कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे कोई भी व्यक्ति समाज में सम्मानित स्थान प्राप्त कर सकता है।

डीएम ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्राओं ने सरस्वती वंदना की और स्वागत गीत गाया। डीएम ने 24 नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया। निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया।

डीएम ने कहा कि जिले के विद्यालयों में लगभग 1,20,000 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। हमारी प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे।

जिलाधिकारी ने लाइब्रेरी, आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास देखीं और इंटरनेट आधारित शिक्षा की समीक्षा की। ग्राम पंचायत निधि से आंगनबाड़ी केंद्र के सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिए। इस दौरान खंड शिक्षाधिकारी शशांक शेखर शुक्ला, अतुल दत्त तिवारी, सभासद शंकर यादव, शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद रहे।



स्कूल चलो अभियान की शुरुआत पर शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ डीएम।

### 15 अप्रैल तक पूरा कर लेंगे नामांकन

- बीएसए बीके शर्मा ने बताया कि 15 अप्रैल तक प्रथम चरण में सभी बच्चों का नामांकन पूर्ण कर लिया जाएगा। द्वितीय चरण में केवल छूटे हुए बच्चों पर ध्यान केंद्रित होगा। अभिभावकों से अनुरोध किया कि धनराशि का उपयोग बच्चों के जूता-मोजा, यूनिफार्म और स्टेशनरी के लिए ही करें।

### शत प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों को पुरस्कार

- इस दौरान डीएम ने पिछले सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्र विजय और छात्रा पूजा को पुरस्कृत किया। अन्य बच्चों को इनसे प्रेरणा लेने को कहा। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन कराएं और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें। पौधरोपण भी किया गया।

## दुर्घटना के बाद भी सोनाली का मनोबल नहीं टूटा

**चित्रकूट।** खेलकूद में रुचि रखने वाली छात्रा का दुर्घटना में तीन जगह से पैर टूटा पर हौसला नहीं टूटा। ठीक होने के बाद फिर उसने दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेना शुरू कर दिया। जिजीविषा की धनी इस बच्ची को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सम्मानित किया और हौसला बढ़ाया।

छात्रा सोनाली ने कक्षा 10 से खेलकूद में रुचि लेनी शुरू की। तब से लेकर आज तक वह राज्य स्तर और दो बार राष्ट्रीय स्तर में दौड़ में अपना परचम लहरा चुकी है। लेकिन अचानक उसका एक्सीडेंट हो गया और पैर में तीन जगह से फ्रैक्चर हो गया। पर सोनाली का मनोबल नहीं टूटा। इलाज आदि के बाद लगभग एक वर्ष बाद उसने फिर से अपनी रुचि के अनुसार दौड़ में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। वह यूपी पुलिस में भर्ती होने की तैयारी भी कर रही है। एक बार वह लिखित परीक्षा में सफल भी रही पर दौड़ में दिक्कत होने के कारण उसको सफलता नहीं मिली। इसके बाद भी उसने हिम्मत नहीं हारी और फिर से अपनी लगन से अपना इलाज और शारीरिक व्यायाम आदि से पैर ठीक किया। वर्तमान में वह जनपद के उत्तर प्रदेश परिवहन बस में परिचालक भी है। पुलिस सेवा में जाने का उसका सपना बरकरार है, जिसकी तैयारी वह लगातार कर रही है। जिलाधिकारी ने अन्य बालिकाओं के लिए सोनाली को प्रेरणा बताया। उसे स्मार्ट वॉच और एक जिला एक उत्पाद के तहत भेंट देकर सम्मानित किया।

# जागरूकता रैली को पूर्व सांसद ने दिखाई हरी झंडी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** बुधवार से जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की गई। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी ने बताया कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई, पशुपालकों का संवेदीकरण आदि किया जाएगा। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जीआर रतमेले ने बताया कि इसी क्रम में 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इसमें आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों आदि की जानकारी ली जाएगी। जिला मलेरिया अधिकारी लालसाहब सिंह ने बताया कि शहरी क्षेत्र में मलेरिया टीम को पूरे अभियान के दौरान प्रचार-प्रसार आदि की जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



लोगों को जागरूकता संबंधी शपथ दिलाते पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र। अमृत विचार

### बच्चों को दी देशभक्ति जल संरक्षण की सीख

**राजापुर (चित्रकूट)।** वशिष्ठ गुरुकुलम् स्कूल में वार्षिकोत्सव में नन्हे मुन्नों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया। देशभक्ति, शिक्षा, संस्कार, जल संरक्षण तथा माता-पिता के संरक्षण पर आधारिक नाटकों से समाज को संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, प्रबंधक वैभव करवरिया, प्रधानाचार्य डा. सचिन त्रिपाठी ने मां सरस्वती, भगवान गणेश की प्रतिमाओं की पूजा अर्चना की। संजीव मिश्रा, प्रधानाचार्य डा. सचिन त्रिपाठी ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर बृजेंद्र श्रीवास्तव, आशुतोष द्विवेदी, दीपाली श्रीवास्तव, मानसी सिंह, केके शुक्ला आदि रहे।

# विवाहिता से दुराचार के दोषी को 10 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** विवाहिता से दुराचार करने के मामले में दोषसिद्ध आरोपी को त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा दी।

इसे 16 हजार रुपये के अर्थदंड भी दिया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पति बाहर रहता था। 11 सितंबर 2021 की रात वह अपने घर में सो रही थी। इस दौरान राजू उर्फ समसुद्दीन ने घर के अंदर आकर तमंचा लगाकर दुराचार किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी और भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध राजू उर्फ समसुद्दीन को 10 वर्ष सश्रम कारावास के साथ 16 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

### कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर किया जागरूक

**सीतापुर (चित्रकूट)।** थाना साइबर क्राइम की पुलिस टीम ने बुधवार को कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम किया। इंस्पेक्टर नरेश कुमार प्रजापति की अगुवाई में श्याम लाल गुप्ता, रामविलास यादव, शिवम द्विवेदी ने तृतीय मुखारबिंद में श्रद्धालुओं एवं आम जनमानस को साइबर अपराध से बचाव के लिए जानकारी दी। बताया कि साइबर अपराध की घटना होने पर टोल फ्री नं. 1930 पर तुरंत काल करें।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम मुवेक सचान पुत्र जय प्रकाश सचान पता मीनापुर कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे व मेरे पिता के इसी सही नाम को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। **मुवेक सचान पुत्र जय प्रकाश सचान निवासी मीनापुर कानपुर देहात**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैंने अपना नाम ABDUL QADIR RIZVI से बदल कर ABDUL QADIR रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MOHAMMAD ISLAM R/O: AGAIYA CHAURAHA, PARSA AGAIYA, PO- HANDA BASEHRI, BAHRAICH

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1232685910 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। नाम- **लायबा खान पुत्री मेराज खान निवासी मोहल्ला महराजगंज नई बस्ती उतरौला रोड जिला गोंडा (उत्तर प्रदेश)**

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम NIRAJ KUMAR (नीरज कुमार) पुत्र राम सिंह पता बलुआपुर नौबस्ता कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम NIRAJ KUMAR (नीरज कुमार) को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। **NIRAJ KUMAR (नीरज कुमार) पुत्र राम सिंह निवासी बलुआपुर नौबस्ता कानपुर देहात**

**सूचना**

मेरे पुत्र संजय कुमार व पुत्र वधू साधना देवी पत्नी संजय कुमार के चालचलन ठीक न होने, बात न मानने, आये दिन परिवार में झगड़ा करने से घर में अशांति का वातावरण बना रहता है। समझाने पर भी दोनों आदतों से बाज नहीं आ रहे। इसीसे परेशान होकर मैने दोनों से सम्बंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया। इन दोनों की ओर से किये गये किसी भी कार्य के वह खुद के जिम्मेदार होंगे। **राम प्रकाश पुत्र बाबू रामनिवासी वसावनपुर्वा, मौजा व थाना ठठिया जनपद कन्नौज।**

**सूचना**

यह की मैं शपथी शपथ पूर्वक बयान देती हूँ। की मेरा नाम **प्रतिमा पत्नी संजय कुमार निवासिनी वार्ड नंबर 1 निकट घसियारी मंडी तिकोना पार्क लालगंज लालगंज बाज़ार रायबरेली** की हूँ। मेरा नाम बैंक ऑफ इंडिया शाखा ने अभिलेखों पर प्रतिमा संजय धानुक दर्ज हो गया है जबकि मेरा असली नाम प्रतिमा पत्नी संजय कुमार है जोकि सही है मुझे प्रतिमा पत्नी संजय कुमार इसी नाम से मुझे जाना वा पहचाना जाये।

**शुद्धि पत्र**

दिनांक 01.04.2026 को ग्राम पंचायत गौरीडीह खालसा द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना में निविदा खोलने का समय दिनांक 08.04.2026 को समय दोपहर 2:00 बजे है।

आज्ञा से

**मनोज यादव**

सचिव - गौरीडीह खालसा, विकासखंड पल्हनी, आजमगढ़

## समाज

### विधिविधान से मनेंद्र के परिवार ने हिंदू धर्म किया अंगीकार


# तीन पीढ़ी बाद मुस्लिम परिवार ने की घरवापसी

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** पहाड़ी ब्लॉक अंतर्गत दरसेड़ा गांव में तीन पीढ़ी पहले बैस ठाकुर से मुस्लिम बने एक परिवार ने फिर से हिंदू धर्म अंगीकार कर लिया। शांतिकुंज हरिद्वार से आई ज्योति कलश यात्रा से प्रभावित होकर परिवार ने विधिवत् हवनपूजन, यज्ञोपवीत संस्कार के साथ घरवापसी की।

गौरतलब है कि इस समय शांतिकुंज हरिद्वार से ज्योति कलश यात्रा चित्रकूट आई हुई है। शांतिकुंज प्रतिनिधि सुरेश पांडेय ने बताया कि इस तरह के 175 रथ पूरी दुनिया में घूमकर सद्ज्ञान, शांति और युग परिवर्तन का संदेश दे रहे हैं। यात्रा के पहाड़ी पहुंचने पर दरसेड़ा गांव निवासी एक परिवार ने मुस्लिम धर्म छोड़कर एक बार फिर विधि विधान से हिंदू धर्म अपना लिया। लोगों ने इसे घरवापसी बताया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्मजागरण विभाग की अगुवाई में शांतिकुंज हरिद्वार, गायत्री शक्तिपीठ चित्रकूट, बड़ा मठ के संत मौजूद रहे। इस दौरान दरसेड़ा के मनेंद्र सिंह ने पत्नी शबनम व बच्चों के साथ विधिवत् हवन पूजन व यज्ञोपवीत के साथ हिंदू धर्म को अंगीकार किया। इस मौके पर गायत्री शक्तिपीठ चित्रकूट के प्रबंधक डा. रामनारायण त्रिपाठी, विभाग धर्मजागरण प्रमुख महंत वरुण प्रपन्नाचार्य, आरएसएस के जिला कार्यवाह अतुल प्रताप सिंह, नगर कार्यवाह विजय किशोर व श्याम सिंह परिहार, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री नीरज गुप्ता, विभाग के प्रचार प्रसार प्रमुख अमित मिश्रा, प्रांत पदाधिकारी रामशरण तिवारी, बजरंग दल जिलासंयोजक अंकित पटेल, सह जिला संयोजक शिवेंद्र सिंह, एबीवीपी के जिला संगठन मंत्री संकल्प कुशवाहा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अंश यादव, भाजपा नेता श्रीकांत पांडेय, विमल, सुधीर द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

**तीन पीढ़ी पहले अपनाया था मुस्लिम धर्म :** मनेंद्र सिंह ने बताया कि तीन पीढ़ी पहले उनके परिवार ने मुस्लिम धर्म अपनाया था। परिवार के मुन्नू सिंह, सूबेदार सिंह, ददुआ सिंह, रवि सिंह, विजय सिंह, कल्लू सिंह, मंगल सिंह एक ही वंशावली के हैं। गांव निवासी विजेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि यह परिवार एक ही है जो आज पुनः सनातनी हो गया।



सपत्नीक पूजा अर्चना करते मनेंद्र। अमृत विचार

**कार्यालय नगर पंचायत कुरारा-हमीरपुर**

Office Email ID - nagarpanchayatkurara53@gmail.com, T.F. 05282-233294

पत्रांक :- 710/न0पं0कु0/ई-टेण्डर/2025-26 दिनांक - 30.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत कुरारा जनपद हमीरपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सेक्टर के नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर में वार्ड सं0- 06 में भगत तालाब के संरक्षण व जीर्णोद्धार का कार्य कराये जाने हेतु http://etender.up.nic.in द्वारा निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों की सम्पूर्ण जानकारी / शर्तें ई-प्रोक्योरमेण्ट की बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं व कार्यालय कार्य दिवसों में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारम्भ तिथि एवं समय | 07.04.2026 समय अपरान्ह 2.00 बजे से |
| ऑनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 29.04.2026 समय सायं 5.00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा प्रपत्र की हार्ड कॉपी जमा तिथि एवं समय | 30.04.2026 समय अपरान्ह 1.00 बजे तक |
| ऑनलाइन तकनीकी (टेक्निकल) निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 30.04.2026 समय अपरान्ह 2.00 बजे |
| फाइनेन्सियल बिड खोलने की तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा खोलने के उपरान्त |

Email- nagarpanchayatkurara53@gmail.com, Mobile No.- 9451035881

**कार्य का विवरण**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आँगणन की धनराशि (लाख रू0 में) | जमानत 2 प्रति के अन्तर्गत | टेण्डर मूल्य जी0एस0टी0 व यू0पी0 इले0को देय शुल्क सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नगर पंचायत कुरारा के वार्ड नं0-06 में भगत तालाब के संरक्षण व जीर्णोद्वार कार्य। | 40.70 | 81400.00 | 5350.00 | 03 माह |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुरारा,
हमीरपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत कुरारा,
हमीरपुर

